# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 6:58 बजे
सूर्यास्त शाम 5:26 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-76 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • शुक्रवार 21 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


## न्यूज़ ब्रीफ

### छात्रा की मौत की आरोपी टीचर गिरफ्तार

**पालघर**| महाराष्ट्र के पालघर जिले से कुछ दिन पहले 13 वर्षीय छात्रा की कथित तौर पर शिक्षक द्वारा दी गई कठोर सजा के कारण मौत हो गई थी। आरोप है कि महिला शिक्षिका ने 6वीं कक्षा में पढ़ने वाली इस बच्ची को स्कूल देर से पहुंचने पर 100 उठक-बैठक करवाए, जिसके बाद छात्रा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। मुंबई के अस्पताल में सात दिन तक उपचार के बाद बच्ची ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी महिला टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिक्षिका को स्कूल से बर्खास्त कर दिया गया है।

### पति ने बेटे की हत्या कर खुद भी जान दी

**उदयपुर**|मसारो की ओवरी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मृत अवस्था में देखने के बाद पहले अपने सात साल के बेटे की हत्या की और फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें युवक ने लिखकर कहा है कि उसके माता-पिता को किसी तरह की परेशानी न दी जाए और घटना के लिए परिवार को दोषी न ठहराया जाए। घटना बुधवार शाम की है, लेकिन इसका खुलासा देर रात हुआ, जब मृतक युवक के माता-पिता करियावर स्थित कानूवाडा गांव से लौटे। सबसे पहले महिला शारदा (27) और उसके बेटे हिमांशु उर्फ हेमू (7) के शव जमीन पर पड़े मिले। तीनों शवों को ऋषभदेव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### विकसित भारत नागरिक की भूमिका अहमः शुक्ला

**बेंगलुरु**| वायुसेना अधिकारी और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने बंगलूरू टेक समिट में विकसित भारत–2047 के संकल्प को साकार करने के लिए देशवासियों से सक्रिय योगदान की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में स्वदेशी रॉकेट और स्वदेशी कैप्सूल के माध्यम से अपने नागरिकों को अंतरिक्ष में भेजने जा रहा है। इस अभियान में साधारण स्ट्रॉ तैयार करने से लेकर जटिल लाइफ सपोर्ट सिस्टम विकसित करने तक, हर भारतीय का सहयोग महत्वपूर्ण है। एक्सियम-4 मिशन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष से भारत तीन समुद्रों से घिरा बेहद शानदार दिखाई देता है और भविष्य इससे भी अधिक उज्ज्वल नजर आता है।


## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerex-press@gmail.com पर भेजें।*


# नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण में पीएम का *गमछा मोमेंट* वायरल



पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। -समर न्यूज़

*शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एक ऐसा छोटा-सा दृश्य सामने आया, जिसने पूरे सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ लेने के तुरंत बाद PM मोदी का "गमछा मोमेंट" वायरल हो गया।*

*गांधी मैदान के मंच पर खड़े PM मोदी अपने कंधे पर डाले पारंपरिक गमछे को सलीके से ठीक करते नजर आए। कैमरे ने यह क्षण कैद किया और वीडियो तुरंत X (ट्विटर), इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तेजी से फैल गया।*

***▪ सोशल मीडिया पर मीम्स और प्रतिक्रियाओं की बाढ़...***

### सोशल मीडिया पर छाया वीडियो

*सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इस जेस्चर को PM मोदी की सिग्नेचर बॉडी लैंग्वेज, सहजता और भारतीय पारंपरिक पहनावे से जुड़ी उनकी पहचान का प्रतीक बताया। यूजर्स के कुछ चर्चित कमेंट—"गमछा मोमेंट ने शो चुरा लिया।""PM का स्टाइल हमेशा ऑन पॉइंट!" कई लोगों ने इसे उनके कनेक्टिंग-पर्सनैलिटी और साधारण भारतीय पहनावे से जुड़ाव की निशानी बताया।*

***▪ राजनीतिक हलकों में भी छाई रही इस मोमेंट की चर्चा...***

*यह 'गमछा मोमेंट' न केवल सोशल मीडिया पर बल्कि राजनीतिक विश्लेषणों में भी चर्चा का विषय बना। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी की छोटी-छोटी हरकतें भी पब्लिक स्पेस में तुरंत ध्यान खींच लेती हैं। कुछ पत्रकारों ने इसे "PM की सहज उपस्थिति और क्लासिक भारतीय स्टाइल" बताया, जबकि कुछ ने इसे "सार्वजनिक मंचों पर अलग अंदाज़ में उपस्थिति दर्ज कराने" का तरीका कहा।*

***▪ बिहार में एनडीए सरकार की नई शुरुआत...***

*नीतीश कुमार द्वारा 10वीं बार शपथ लेने के साथ एनडीए सरकार ने औपचारिक रूप से नया कार्यकाल शुरू कर दिया है। यह बिहार के इतिहास में एक अभूतपूर्व राजनीतिक रिकॉर्ड है, इतनी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ किसी और नेता ने नहीं ली। मंत्रिमंडल के गठन और उच्चस्तरीय उपस्थिति के बीच मोदी का वायरल 'गमछा मोमेंट' समारोह का सबसे चर्चित दृश्य बन गया है।*

## *बिहार मंत्रिमंडल में 26 मंत्री शामिल- तीन महिलाएं, एक मुस्लिम चेहरा*

**समर न्यूज़ | पटना**

बिहार की राजनीति में एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ, जब नीतीश कुमार ने गुरुवार को दसवीं बार बतौर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ भाजपा नेताओं सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी मंत्री पद की शपथ ली, जो पिछली सरकार में उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं।

शपथ ग्रहण समारोह पटना के गांधी मैदान में भव्य रूप से आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।

नए मंत्रिमंडल में कुल 26 मंत्री शामिल किए गए हैं। इनमें भाजपा के 14 मंत्री, जदयू के 8 मंत्री, चिराग पासवान की पार्टी LJP (R) के 2 मंत्री शामिल हैं। कुल मंत्रियों में तीन महिलाएँ और एक मुस्लिम चेहरा शामिल है। महिला मंत्रियों में जेडीयू की लेशी सिंह, और भाजपा की रमा निषाद व श्रेयसी सिंह शामिल हैं। नए मंत्रिमंडल में एकमात्र मुस्लिम मंत्री मोहम्मद ज़मा खान (जेडीयू) हैं, जिन्होंने चैनपुर सीट से जीत दर्ज की है। इससे पहले एनडीए के 202 विधायकों की बैठक में नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से गठबंधन नेता चुना गया।

जनता दल यूनाइटेड ने भी अपनी अलग बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना। उसी दिन भाजपा की बैठक में यूपी के उपमुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यवेक्षक केशव प्रसाद मौर्य ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विजय सिन्हा को उपनेता घोषित किया।

## नीतीश की जीत, पर श्रेय हिमंता को मिला

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

बिहार की 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को एनडीए की जीत का टर्निंग पॉइंट बताया गया है। असम मॉडल को आधार माना गया, विपक्ष ने योजना के समय पर उठाए थे सवाल। नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में अपना दसवां कार्यकाल तय कर लिया है, लेकिन एनडीए की भारी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का श्रेय असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को दिया जा रहा है। इस योजना के तहत पहले चरण में बिहार की 1.5 करोड़ महिलाओं के खातों में 10,000 की राशि भेजी गई। विशेषज्ञों और विश्लेषकों ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी सफलता का प्रमुख कारण बताया है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, एनडीए नेताओं ने इस योजना के मूल विचार का श्रेय सरमा को दिया है। सरमा ने बताया कि नीतीश सरकार के अनुरोध पर उन्होंने अपने अधिकारियों की एक टीम बिहार भेजी थी, जिन्होंने राज्य के अफ़सरों के सामने 'जीविका 10,000 मॉडल' प्रस्तुत किया। बाद में यही मॉडल योजना का आधार बना।

**▪ जम्मू-कश्मीर से हिरासत में लिया गया; कुल गिरफ्तारियां हुईं छह**

# लाल किला धमाके में एनआईए ने और चार आरोपी किए गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट की जांच आगे बढ़ाते हुए चार और महत्वपूर्ण आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों के बाद मामले में कुल छह लोग हिरासत में आ चुके हैं। पटियाला हाउस कोर्ट के जिला सत्र न्यायाधीश की रिमांड के बाद एनआईए ने चारों को जम्मू-कश्मीर से अपनी कस्टडी में लिया। जांच एजेंसी ने जिन चार आरोपियों को पकड़ा है, उनकी पहचान इस प्रकार हैः डॉ. मुजम्मिल शकील गनई (पुलवामा), डॉ. अदील अहमद राथर (अनंतनाग),डॉ. शाहीन सईद (लखनऊ) और मुफ्ती इरफान अहमद वागे (शोपियां)। एनआईए के अनुसार, इन सभी ने लाल किले के बाहर हुए आतंकी हमले को अंजाम देने में अहम और सीधे तौर पर सक्रिय भूमिका निभाई।

**▪ पहले गिरफ्तार किए जा चुके दो आरोपी...**

जांच के शुरुआती चरण में एजेंसी ने आमिर राशिद अली, जिसके नाम पर विस्फोट में इस्तेमाल कार रजिस्टर्ड थी, जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश, जिसने हमलावरों को तकनीकी सहायता दी इनको पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। एनआईए आरोपियों से पूछताछ कर पूरी साजिश और नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

**▪ अब तक 15 लोगों की गई जान...**

10 नवंबर को हुए इस शक्तिशाली धमाके में 15 लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। एनआईए का कहना है कि जांच तेज़ी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इस मॉड्यूल के बाकी सदस्यों, वित्तीय नेटवर्क और स्थानीय सपोर्ट सिस्टम का भी खुलासा किया जाएगा। एजेंसी ने आतंकियों से जुड़े अन्य संभावित संपर्कों की पहचान के लिए तलाशी ली।

# पढ़े-लिखे आतंकवादी कहीं ज्यादा खतरनाक

**▪ दिल्ली दंगों पर सुप्रीम कोर्ट में बोले एएसजी, उमर खालिद-शरजील की ज़मानत का कड़ा विरोध**

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की ज़मानत याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को याचिकाओं का ज़बरदस्त विरोध किया और इसे "देश की आज़ादी पर हमला" तथा "सरकार बदलने की सुनियोजित साजिश" बताया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू, जो दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए, उन्होंने कहा कि "पढ़े-लिखे आतंकी जमीनी कार्यकर्ताओं से कहीं ज्यादा खतरनाक होते हैं।" उन्होंने यह भी दावा किया कि डॉक्टरों और इंजीनियरों का राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल होना एक "खतरनाक नया ट्रेंड" है।



उमर खालिद शरजील इमाम

**पुलिस ने शरजील इमाम के भाषणों के वीडियो कोर्ट में दिखाए...**

*राजू ने कोर्ट में शरजील इमाम के कथित भड़काऊ भाषणों के वीडियो दिखाए, जो 2019–2020 में जामिया, चाखंड, अलीगढ़ और आसनसोल में दिए गए थे। पुलिस का आरोप है कि इन भाषणों ने सीएए-एनआरसी के विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप दिया और दंगों को भड़काया। राजू ने कहा कि ये तथाकथित बुद्धिजीवी जमीनी आतंकवादियों से ज़्यादा खतरनाक हैं। इनके भाषणों ने माहौल बिगाड़ा और हिंसा को जन्म दिया।*

**▪ दंगे ट्रंप के भारत दौरे के समय योजनाबद्ध किए गए — पुलिस का दावा...**

*पुलिस ने आरोप लगाया कि दंगों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के भारत दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए टाइम किया गया था।*

*पुलिस के अनुसार वास्तविक लक्ष्य था -सरकार बदलना, देशभर में अस्थिरता व आर्थिक तनाव उत्पन्न करना, बड़े पैमाने पर अफरा-तफरी फैलाना। यह अचानक हुई घटना नहीं, बल्कि गहरी साजिश थी। दिल्ली पुलिस ने तर्क दिया कि दंगे किसी आकस्मिक प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं थे, बल्कि "गहरी, सुनियोजित और सोची-समझी साज़िश थी। इसमें 53 मौतें, 700 से अधिक घायल। सार्वजनिक संपत्ति को सैकड़ों करोड़ का नुकसान और 753 एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने दावा किया कि चैट्स और डिजिटल सबूतों से पता चलता है कि दंगों को पूरे देश में फैलाने का प्रयास किया गया था, केवल दिल्ली तक सीमित नहीं।*

**▪ जेएनयू–जामिया लिंक का आरोप...**

*एएसजी राजू ने कहा कि "उमर खालिद और शरजील इमाम ने अपने उद्देश्यों के लिए जेएनयू की सुरक्षा प्रणाली को तोड़ा और जामिया के छात्रों का इस्तेमाल किया।"*

## कश्मीर टाइम्स के जम्मू कार्यालय पर एसआईए की छापेमारी

**समर न्यूज़ | कश्मीर**

जम्मू-कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने गुरुवार को कश्मीर टाइम्स के जम्मू कार्यालय पर छापा मारा। यह कार्रवाई उस एफआईआर के बाद हुई, जिसमें संगठन पर "राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों" और देश के प्रति असंतोष भड़काने के आरोप लगाए गए हैं।

वेबसाइट पर प्रबोध को संपादक और अनुराधा को प्रबंध संपादक बताया गया है। अधिकारियों के अनुसार, एफआईआर में ऐसी गतिविधियों व संचार का उल्लेख है, जिन्हें "भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए संभावित खतरा" माना गया है। सुबह 6 बजे शुरू हुई छापेमारी में एसआईए ने दस्तावेज़, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री जब्त की। एजेंसी जल्द ही अनुराधा से पूछताछ कर सकती है। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई उन नेटवर्क्स के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है, जो अलगाववादी कथाओं या अवैध प्रचार का समर्थन करते हैं।

**▪ कश्मीर टाइम्स का बयान...**

अनुराधा बहसिन और प्रबोध जमवाल ने छापेमारी को "हमें चुप कराने की कोशिश" बताया। उनका कहना है कि आलोचना करना देश-विरोधी होना नहीं है; स्वतंत्र और सवाल पूछने वाली प्रेस लोकतंत्र के लिए ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि 1954 से कश्मीर टाइम्स ने निष्पक्ष पत्रकारिता की है, हाशिये पर पड़े समुदायों की आवाज़ उठाई है और सत्ता से कठिन सवाल पूछे हैं।

# गवर्नर-राष्ट्रपति किसी को डेडलाइन नहीं दे सकता कोर्ट

**▪ सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसलाः गवर्नर-प्रेसिडेंट की मंजूरी पर समय सीमा तय करने की मांग**

**▪ 'डीम्ड एसेंट' का सिद्धांत लागू नहीं होगा**

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय जारी करते हुए उन सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें मांग की गई थी कि राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधानसभा से पारित बिलों पर मंजूरी देने के लिए एक निश्चित समय सीमा तय की जाए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान राज्यपालों को बिलों पर कार्रवाई करने के लिए तीन विकल्प प्रदान करता है, लेकिन किसी भी स्थिति में यह नहीं माना जा सकता कि वे बिलों को अनिश्चित समय तक रोकने की 'पूर्ण शक्ति' रखते हैं। पीठ ने कहा कि बिल को कानून बनाने की प्रक्रिया में राज्यपाल सिर्फ 'रबर स्टैम्प' नहीं हैं। उनके पास तीन संवैधानिक विकल्प हैं, पहला-बिल को मंजूरी देना, दूसरा-बिल को पुनर्विचार के लिए विधानसभा को लौटाना, और तीसरा-बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए सुरक्षित रखना। 'डीम्ड एसेंट' यानी जवाब न आने पर स्वतः मंजूरी मान लेना जैसी व्यवस्था अदालत लागू नहीं कर सकती।



### लंबी देरी पर कोर्ट दखल दे सकता है

*चीफ जस्टिस बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने कहा कि कोर्ट राज्यपाल या राष्ट्रपति के फैसलों की मेरिट में नहीं जा सकता, लेकिन यदि बिना किसी उचित कारण के लंबे समय तक बिल लटका रहता है, तो कोर्ट सीमित दिशा-निर्देश जारी कर सकता है।*

*इसका मतलब है कि गवर्नर पर कोर्ट सीधे निर्देश नहीं देगा, लेकिन यदि देरी 'अनुचित' हो, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप कर सकती है। अदालत ने कहा कि फैसला हर मामले की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। गवर्नर द्वारा बिल को प्रेसिडेंट के लिए रिजर्व किए जाने के बाद, राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सलाह लेने की जरूरत नहीं होती। साथ ही, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 142 का उपयोग कर राज्यपाल या राष्ट्रपति की संवैधानिक शक्तियों को बदला नहीं जा सकता। इस फैसले ने संविधान में राज्यपाल और राष्ट्रपति की भूमिका को नई स्पष्टता दी है। अदालत ने समय सीमा तय करने से इनकार कर राज्यपाल और राष्ट्रपति की स्वतंत्र संवैधानिक स्थिति को बरकरार रखा, लेकिन यह भी कहा कि अनावश्यक देरी की स्थिति में न्यायपालिका हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठ सकती।*

## ड्रग्स तस्करी केस में ओरी पर शिकंजा

**समर न्यूज़ नेटवर्क | मुंबई**

मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 252 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन निर्माण और तस्करी से जुड़े बड़े नेटवर्क की जांच के सिलसिले में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरहान अवत्रामणि, जिसे ओरी के नाम से जाना जाता है, उसको समन भेजा है। यह कार्रवाई उस समय सामने आई जब गिरफ्तार ड्रग सप्लायर मोहम्मद सलीम सोहेल शेख उर्फ 'लविश' ने पूछताछ में ओरी का नाम लिया। पूछताछ में उसने दावा किया कि भारत और विदेशों की कई हाई-प्रोफाइल रेव पार्टियों में ड्रग्स की सप्लाई होती थी।



ओरी।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

**पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला नहीं माना; कांग्रेस बोली- भारतीय डिप्लोमेसी को बड़ा झटका**

# अमेरिकी रिपोर्ट- ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने भारत को हराया

**समर न्यूज़ नेटवर्क | नई दिल्ली**

अमेरिका की यूएस–चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमिशन (यूएससीसी) की ताज़ा रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि 7–10 मई के चार दिवसीय संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत पर "सैन्य सफलता" हासिल की, और चीन ने इस संघर्ष का उपयोग अपने अत्याधुनिक हथियारों के परीक्षण और प्रचार के लिए किया। पाकिस्तान ने चीन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और एयर–डिफेंस सिस्टम का प्रभावी इस्तेमाल किया, जिससे उसे बढ़त मिली। यह दावा भारत के राजनीतिक नेतृत्व और सैन्य अधिकारियों के आधिकारिक बयानों से एकदम उलट है। वहीं, जमीनी हालात और वास्तविक सैन्य कार्रवाई को ध्यान में रखते हुए ऐसा निष्कर्ष तथ्यात्मक रूप से कमजोर है। रिपोर्ट में चीन द्वारा जे-10 विमानों, पीएल-15 मिसाइलों और एचक्यू-9 प्रणाली के पहली बार युद्ध में परीक्षण का ज़िक्र है, केवल इस आधार पर पाक को विजेता मानना तथ्य से परे है। रिपोर्ट यह भी नहीं बताती कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होते ही भारत ने पाकिस्तान के सीमा-पार मौजूद जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के ठिकानों को कैसे सटीक रूप से निशाना बनाया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस रिपोर्ट का विरोध जताते हुए इस पर सवाल उठाए हैं। क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे और विरोध जताएंगे? हमारी कूटनीति को एक और बड़ा झटका लगा है।

**• चीन के बढ़ते हथियार बाज़ार की झलक**

*रिपोर्ट का बड़ा हिस्सा चीन की "डिफेंस एक्सपोर्ट क्रेडिबिलिटी" पर केंद्रित है। विश्लेषकों का कहना है कि यह अमेरिकी रणनीतिक विमर्श का हिस्सा हो सकता है, जहाँ चीन की सैन्य क्षमता को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना राजनीतिक रूप से उपयोगी माना जाता है। रिपोर्ट में चीन द्वारा सोशल मीडिया के फर्जी अकाउंट्स से फैलाई गई एआई–जनित तस्वीरों का भी उल्लेख है—जिन्हें "भारतीय राफेल का मलबा" बताकर प्रचारित किया गया। भारत ने इन दावों को कई बार खारिज किया, फिर भी रिपोर्ट ने इन्हें असंगत रूप से तवज्जो दी।*

**▪ ऑपरेशन सिंदूर की वास्तविक तस्वीर...**

*विशेषज्ञों के अनुसार, 7 मई की सुबह शुरू हुआ ऑपरेशन सिंदूर भारत की सबसे तेज़ और सबसे प्रभावी आतंक–विरोधी सैन्य कार्रवाइयों में से एक था। पहलगाम में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारत ने बिल्कुल स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण किया और कुछ ही घंटों में सीमा-पार आतंकी ढांचों को भारी नुकसान पहुँचाया। इसके विपरीत, पाकिस्तान की प्रतिक्रिया अव्यवस्थित और घबराहट में की गई अंधाधुंध फायरिंग तक सीमित थी। यही कारण है कि युद्धविराम की पहल पाकिस्तान की तरफ़ से की गई, जो किसी सैन्य रूप से "विजेता" देश की स्थिति नहीं होती।*

**▪ तथ्यों की अनदेखी पर सवाल...**

*किसी भी संसदीय रिपोर्ट से निष्पक्षता और प्रमाणिकता की उम्मीद की जाती है, लेकिन यूएससीसी की रिपोर्ट में न तो भारत के आधिकारिक रिकॉर्ड्स को स्थान मिला और न ही सेना द्वारा जारी तथ्यों को महत्व दिया गया। विश्लेषकों का कहना है कि ऐसी रिपोर्टें भारत–अमेरिका भरोसे को मजबूत करने के बजाय भ्रम पैदा करती हैं। यह रिपोर्ट इस बात का उदाहरण है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत से जुड़े संघर्षों को अक्सर अधूरी जानकारी और दुष्प्रचार के आधार पर प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने निर्णायक सैन्य बढ़त हासिल की थी, और पाकिस्तान तथा चीन दोनों इस परिणाम को अच्छी तरह समझते हैं।*

## म्यांमार के ठगी केंद्रों से छुड़ाए 125 भारतीय, 1,500 की वापसी

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

म्यांमार के म्यावाड्डी क्षेत्र में स्थित ठगी केंद्रों से मुक्त कराए गए 125 भारतीय नागरिकों को थाईलैंड से एक सैन्य विमान से भारत भेजा गया है। यह जानकारी बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने दी है। इस नए समूह की वापसी के साथ मार्च 2025 से अब तक कुल 1,500 भारतीयों को थाईलैंड के सहयोग से सुरक्षित रूप से स्वदेश पहुंचाया जा चुका है।

भारतीय दूतावास और थाईलैंड के भारतीय वाणिज्य दूतावास लगातार रॉयल थाई सरकार और टाक प्रांत की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर इन फंसे हुए भारतीयों की रिहाई और वापसी का काम समन्वित रूप से कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया में साइबर ठगी केंद्रों में फंसने वाले भारतीयों को बचाने के लिए भारत सरकार के प्रयासों को इस अभियान से और मजबूती मिली है।

दूतावास ने भारतीय नागरिकों को चेतावनी दी है कि विदेश में नौकरी के अवसरों को स्वीकार करने से पहले नियोक्ताओं की विश्वसनीयता जांचें। साथ ही, अनियमित भर्ती एजेंटों और कंपनियों के रिकॉर्ड की भी पुष्टि करें। दूतावास ने स्पष्ट किया कि भारतीय पासपोर्ट धारकों को थाईलैंड में वीज़ा-मुक्त प्रवेश केवल पर्यटन और अल्पकालिक व्यावसायिक यात्राओं के लिए दिया जाता है। इसे रोजगार पाने या काम करने के लिए गलत तरीके से उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इससे पहले मंगलवार को 11 महिलाओं सहित 269 भारतीय नागरिकों को दो विशेष वायुसेना उड़ानों के जरिए माई सोत से भारत वापस भेजा गया था।

# बेंगलुरु में दिनदहाड़े 7.11 करोड़ की लूट, एटीएम कैश वैन को गैंग ने बनाया निशाना

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक सनसनीखेज दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आई है। एक गैंग ने एटीएम में कैश भरने जा रहे एक कैश वैन से 7.11 करोड़ रुपये लेकर फरार होकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। वारदात के बाद पूरे शहर में वाहनों की गहन तलाशी शुरू कर दी गई है।

यह घटना साउथ एंड सर्कल के पास उस समय घटी जब कैश मैनेजमेंट कंपनी के कर्मचारी एटीएम में पैसे डालने के लिए वैन से उतरने ही वाले थे। तभी एक इनोवा कार में सवार सात से आठ अपराधी वहां पहुंचे। आरोपियों ने खुद को आरबीआई अधिकारी बताकर टीम को धमकाया और उन्हें गाड़ी से जबरन बाहर निकाल दिया।




वारदात के बाद पूरे शहर में वाहनों की गहन तलाशी — समर न्यूज

**कैसे अंजाम दी गई वारदात?**

लुटेरों ने वैन में मौजूद ड्राइवर, दो गनमैन और कैश लोडिंग स्टाफ को काबू में किया। इसके बाद वे ड्राइवर को साथ लेकर डेयरी सर्कल की ओर बढ़े। फ्लाईओवर पर चढ़ते ही उन्होंने वैन को रोक दिया, बाकी कर्मचारियों को थोड़ी दूरी पर इनोवा से उतार दिया और कैश वैन में रखे बक्सों को अपनी कार में शिफ्ट कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने लूट को अंजाम देने के लिए नकली नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया था, जिससे वाहन की पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

**कर्मचारियों से पूछताछ जारी**

घटना के बाद पुलिस ने कैश वैन के सभी कर्मचारियों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि अपराधियों को कैश मूवमेंट की जानकारी कैसे मिली और क्या गैंग को किसी अंदरूनी व्यक्ति से सहायता मिली थी। फिलहाल पुलिस आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और शहर में नाकाबंदी बढ़ा दी गई है।

## हंडियाया ओवरब्रिज की जर्जर हालत पर भड़के किसान

समर न्यूज़ | बरनाला

बठिंडा-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हंडियाया ओवरब्रिज की खस्ता हालत ने राहगीरों, स्थानीय लोगों और व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पुल को बंद हुए तीन महीने से अधिक समय बीत चुका है, जिसके चलते वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्तों से होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है।किसान यूनियन का प्रदर्शन, की गई नारेबाजीइस स्थिति से नाराज भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ओवरब्रिज स्थल पर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के नेताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन और सरकार के खिलाफ रोष जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द पुल की मरम्मत शुरू नहीं की गई, तो बड़बर और कालाझाड़ टोल प्लाजा को टोल-फ्री कर दिया जाएगा। बीकेयू के नेताओं ने आम आदमी पार्टी के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर के घर के बाहर भी धरना देने की चेतावनी दी।

# पाकिस्तानी ड्रोन कनेक्शन वाला गैंगस्टर हैरी पुलिस मुठभेड़ के बाद इलाज के दौरान मौत

## साथी सनी मौके से फरार, दो पिस्तौल बरामद, आईएसआई लिंक की जांच तेज

समर न्यूज़ | अमृतसर

अमृतसर में गुरुवार शाम हुए पुलिस मुठभेड़ के बाद कुख्यात अपराधी हरजिंदर सिंह उर्फ हैरी की गुरु नानक देव अस्पताल में मौत हो गई। हाल ही में जमानत पर केंद्रीय जेल से बाहर आया हैरी पुलिस की निगरानी में था और उसके दोबारा गैंग गतिविधियों में शामिल होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मुठभेड़ में गोली लगने के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर के मुताबिक, लगभग 32 वर्षीय हैरी के खिलाफ गंभीर प्रकृति के पाँच आपराधिक मामले दर्ज थे। इनमें से कई केस अमृतसर कमिश्नरेट में चल रहे थे, जबकि एक मामला पठानकोट में दर्ज है। जज नगर, मोहकमपुरा निवासी हैरी लंबे समय से तस्करी और आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था और क्षेत्र में उसके नाम से भय का माहौल बना रहता था। मुठभेड़ के दौरान हैरी के साथ उसका साथी सनी, जो अटारी इलाके का बताया जा रहा है, मौके से मोटरसाइकिल पर फरार हो गया। पुलिस की कई टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार तलाशी अभियान चला रही हैं। आशंका है कि सनी के पास गैंग के कई महत्वपूर्ण इनपुट और विदेशी संपर्कों से जुड़े सुराग हो सकते हैं। कमिश्नर भुल्लर ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में हैरी के विदेशी गैंगस्टरों और पाकिस्तान स्थित आईएसआई समर्थित नेटवर्क से संपर्क होने की संभावना सामने आई है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि यह गैंग पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये हथियारों और नशीले पदार्थों की सप्लाई मंगवाता था। पुलिस ने मौके से दो पिस्तौल बरामद की हैं, जो इनके नेटवर्क की सक्रियता को और मजबूत करती है। तफ्तीश में सामने आया है कि गैंग आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश करता था। हैरी और उसके साथी वर्चुअल फोन नंबर, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट और एन्क्रिप्टेड चैटिंग एप्स के जरिए अपने नेटवर्क को संचालित करते थे। इसी तकनीक के सहारे वे हथियारों की तस्करी, फिरौती, और अपराध की रणनीतियां तैयार करते थे। घटना के बाद पुलिस ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर मामले की जांच तेज कर दी है। विदेशी कनेक्शन से जुड़े सभी पहलुओं की छानबीन की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि सनी की गिरफ्तारी के बाद गैंग की गतिविधियों का पूरा नेटवर्क खोलने में मदद मिलेगी।

# बठिंडा-डबवाली नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, फोर-व्हीलर अनियंत्रित होकर पलटा

समर न्यूज़ | बठिंडा

बठिंडा-डबवाली नेशनल हाईवे पर गहरी बूटर बैंक के पास एक फोर-व्हीलर के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब गाड़ी अचानक सड़क पर पड़ी एक वस्तु से टकराने से बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होकर पलट गई। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत सरकारी अस्पताल भिजवाया गया।

दोनों घायल बिहार के रहने वाले प्रवासी मजदूर हैं, जो बठिंडा के बीसीएल में काम करते हैं। वे ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी हाईवे पर अचानक सड़क के बीच में कोई वस्तु दिखाई दी। चालक ने गाड़ी को किनारे करने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



हादसे में घायल मजदूर — समर न्यूज़

हादसे में एक मजदूर की घटना स्थल पर ही टांग अलग हो गई, जबकि दूसरे को कई गंभीर चोटें लगीं। दोनों को बठिंडा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। सरकारी अस्पताल में मौजूद डॉ. हिमांशु ने बताया कि एक घायल मजदूर की टांग कट चुकी है और वह गंभीर अवस्था में है। दूसरे को भी कई चोटें आई हैं। दोनों का इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर चिकित्सा टीम लगातार नजर रख रही है।

# हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस को लेकर लोगों में उत्साह

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

श्री आनंदपुर साहिब में इस साल एक ऐसा समागम होने जा रहा है, जिसे पूरे पंजाब में बेहद श्रद्धा और गर्व के साथ देखा जा रहा है। पंजाब सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस को यादगार बनाने के लिए तीन दिन का विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया है।

यह समागम 23 से 25 नवंबर 2025 तक चलेगा, और इसका हर पल सिख इतिहास, मानवता और बलिदान की उस विरासत से जोड़ता है, जिस पर पूरा पंजाब गर्व करता है। 23 नवंबर से शुरू हो रहा यह कार्यक्रम एक गहरी आध्यात्मिक वातावरण के साथ आरंभ होगा। सुबह संगत रूपी मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान और राष्ट्रीय



350वें शहीदी दिवस का आयोजन — समर न्यूज़

संयोजक अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में अखंड पाठ की शुरुआत होगी। जो यह संदेश देता है कि सिख परंपरा में श्रद्धा और सेवा की भावना सबसे पहले है।

इसके बाद गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। यह प्रदर्शनी खासतौर पर युवाओं को यह समझाने के लिए तैयार की गई है कि गुरु साहिबान ने अपने प्राण देकर धर्म, मानवाधिकार और इंसानियत की रक्षा क्यों और कैसे की थी।

23 नवंबर को ही सुबह 11 बजे सर्व धर्म सम्मेलन होगा, जहां अलग-अलग धर्मों, समुदायों और विचारधाराओं से जुड़े लोग एकता, भाईचारे और मानवाधिकारों पर अपनी बातें साझा करेंगे। यह सम्मेलन दिखाता है कि सिख इतिहास केवल सिख समुदाय का इतिहास नहीं, बल्कि पूरी मानवता का संदेश है, दूसरों की रक्षा करना, सच के लिए खड़े होना और हर मत का सम्मान करना।

शाम को विरासत-ए-खालसा और जुड़े हुए महत्वपूर्ण स्मारकों का गाइडेड टूर रखा गया है, ताकि लोग अपनी जड़ों, अपनी परंपराओं और अपने इतिहास को सामने से महसूस कर सकें। रात को होने वाला ड्रोन शो इस कार्यक्रम की खूबसूरती को और बढ़ा देगा। जहां रोशनी के माध्यम से गुरु साहिबान की शहादत, खालसा पंथ की विरासत और पंजाब के गौरव को आधुनिक अंदाज़ में दिखाया जाएगा।

तीन दिनों तक कथा, कीर्तन, भक्ति, संगत और सेवा का ऐसा माहौल बनेगा कि हर आने वाला व्यक्ति अपने दिल में गुरु साहिबानों के प्रति और अधिक सम्मान लेकर जाएगा। लोगों में इस समागम को लेकर गहरी श्रद्धा है।

हर किसी का मानना है कि पंजाब सरकार ने इस आयोजन को इतने सम्मान और भव्यता से मनाने का फैसला लेकर पूरे पंजाब की भावनाओं को सही मायनों में सम्मान दिया है।

यह समागम सिर्फ इतिहास याद करने का मौका नहीं है, बल्कि उस सोच को अपनाने का अवसर है, जिसकी वजह से सिख धर्म दुनिया भर में साहस, बलिदान और मानवता का प्रतीक माना जाता है। यह तीन दिवसीय समागम पंजाब की आत्मा, पंजाब की शान और पंजाब की विरासत का जीवंत रूप है, और हर पंजाबी के लिए गर्व की बात है।

# “मां, माफ करना, मैंने तुम्हारा दिल तोड़ा” लिखकर छात्र ने की आत्महत्या, स्कूल के बाहर प्रदर्शन

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन से कूदकर क्लास 10 के एक 16 वर्षीय छात्र ने अपनी जान दे दी, जिसके बाद दिल्ली के एक निजी स्कूल के बाहर भारी विरोध प्रदर्शन हुआ। परिवार और अभिभावक संगठन स्कूल प्रबंधन और आरोपित शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सुसाइड नोट में लिखा – शिक्षकों ने मुझे यह कदम उठाने पर मजबूर किया पुलिस ने छात्र का स्कूल बैग बरामद किया, जिसमें एक हस्तलिखित आत्महत्या नोट मिला। नोट में लिखा था, मुझे बहुत अफसोस है, लेकिन स्कूल स्टाफ ने इतना कहा कि मुझे यह करना पड़ा। छात्र ने अपने परिवार से माफी मांगते हुए लिखा, मां, मैंने तुम्हारा दिल कई




अभिभावक और स्थानीय लोगों का विरोध प्रदर्शन — समर न्यूज़

बार तोड़ा, लेकिन अब आखिरी बार तोड़ रहा हूं। अगर मेरे किसी अंग से किसी की जान बच सकती है, तो उसे दान कर देना। शिक्षकों पर कार्रवाई हो ताकि कोई और बच्चा ऐसा न कर नोट में छात्र ने अपने स्कूल के शिक्षकों को अपने कदम के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, मेरी आखिरी इच्छा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि कोई और छात्र ऐसा कदम न उठाए। परिवार ने लगाए मानसिक उत्पीड़न के आरोपछात्र के पिता की शिकायत पर दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि लड़का पिछले कुछ महीनों से अपने शिक्षकों के लगातार अपमान और मानसिक उत्पीड़न से गहरे तनाव में था। उन्होंने बताया कि बेटे की शिकायतों के बावजूद स्कूल प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। छात्र की मौत की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक और स्थानीय लोग स्कूल के सामने इकट्ठा हो गए और न्याय की मांग करते हुए नारेबाजी की।

पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट और एफआईआर में लगाए गए आरोपों की जांच जारी है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन संबंधित शिक्षकों से पूछताछ की जा रही है।

# पंजाब कृषि विकास बैंक को मिला 918 करोड़ का अनुदान

## पंजाब में किसानों के लिए फिर से शुरू हुई लोन वितरण प्रक्रिया



कृषि विकास बैंक को मिला 918 करोड़ का अनुदान — समर न्यूज़

समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर स्थित पंजाब कृषि विकास बैंक को आजादी के बाद पहली बार 918 करोड़ रुपये की वित्तीय ग्रांट प्राप्त हुई है। इस अवसर पर पंजाब कृषि विकास विभाग के चेयरमैन पवन कुमार टीनू ने राज्य भर से आए किसानों को लोन के चैक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान 22 किसानों को करीब एक करोड़ रुपये की राशि के चैक सौंपे गए।किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर मिलेगा लोनपवन कुमार टीनू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए यह बड़ा कदम उठाया है। लंबे समय से बंद पड़ी लोन प्रक्रिया को अब फिर से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब कृषि विकास बैंक किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराता है, जिससे उन्हें खेती संबंधी कामकाज में आर्थिक मदद मिलती है।

जल्द शुरू होगा एजुकेशन लोन सुविधाटीनू ने आगे कहा कि बैंक में जल्द कई सुधार किए जा रहे हैं, जिनमें एजुकेशन लोन की शुरुआत भी शामिल है। उन्होंने बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आने वाले समय में अधिक किसानों को लोन के चैक दिए जाएंगे।किसानों में दिखा उत्साहलोन वितरण समारोह में मोगा, अमृतसर, बठिंडा समेत विभिन्न जिलों के किसान शामिल हुए। किसानों ने सरकार की इस पहल को स्वागत योग्य बताया। टीनू ने कहा कि बुधवार से राज्यभर में पंजाब कृषि विकास बैंक की सभी शाखाओं में लोन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे किसानों को सीधी आर्थिक राहत मिल सकेगी।

# वित्त विभाग ने होम्योपैथिक विभाग में 115 पदों की भर्ती को मंजूरी: हरपाल सिंह चीमा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पदों को पुनर्जीवित करने एवं भर्ती के माध्यम से होम्योपैथिक विभाग को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण फैसले की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां कहा कि वित्त विभाग ने होम्योपैथिक विभाग के अंतर्गत विभिन्न कैडरों में कुल 115 पदों को पुनर्जीवित एवं भर्ती को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा



कि यह कदम पूरे प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए विभाग की क्षमता बढ़ाने के मकसद से उठाया गया है। 115 पदों की भर्ती में होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर (एचएमओ) के 42 पद, डिस्पेंसर (होम्योपैथिक) के 72 पद और 1 क्लर्क का पद शामिल है। उन्होंने कहा कि इन 115 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया दो वर्षों में चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के साथ बैठक के दौरान इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई थी। उन्होंने बताया कि बैठक में होम्योपैथिक विभाग ने अपनी कार्यकुशलता के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए पक्ष रखा था कि होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा विभिन्न डिस्पेंसरियों को 100 प्रतिशत क्षमता पर संचालित करने के बावजूद, विभाग में पिछले समय में केवल 22 नियमित पद ही भरे गए हैं।

# ट्राईडेंट समूह पंजाब में 2000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा: संजीव अरोड़ा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी अगुवाई में एक मज़बूत, जवाबदेह और प्रगतिशील औद्योगिक वातावरण तैयार करने तथा पंजाब को इंडस्ट्रियल हब बनाने के प्रयासों के बीच, ट्राईडेंट समूह — जिसका मार्केट कैप 18 हजार करोड़ रुपये और टर्नओवर 10 हजार करोड़ रुपये है — अब पंजाब में 2000 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस निवेश में बठिंडा के बरनाला में टेरी तौलिए के उत्पादन के विस्तार और पेपर मैन्युफैक्चरिंग उद्योग के आधुनिकीकरण के लिए 1500 करोड़ रुपये तथा मोहाली में एक




बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा — समर न्यूज़

कॉर्पोरेट कार्यालय व क्षमता निर्माण केंद्र की स्थापना के लिए 500 करोड़ रुपये शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इस निवेश के माध्यम से लगभग 2000 सेमी-स्किल्ड ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार की प्रगतिशील नीतियों और ‘ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस’ के लिए उठाए गए सुधारात्मक कदमों ने पंजाब को निवेशकों का सबसे पसंदीदा गंतव्य बना दिया है। यह राज्य सरकार की उद्योग-हितैषी नीतियों के प्रति वचनबद्धता को दर्शाता है, जो उद्योगों के लिए और अधिक अनुकूल माहौल तैयार करने पर केंद्रित हैं।

ट्राईडेंट समूह के चेयरमैन तथा राज्यसभा सदस्य पद्मश्री राजिंदर गुप्ता ने कहा कि बढ़ती घरेलू और निर्यात मांग को पूरा करने के लिए समूह धागा उत्पादन व्यवसाय का विस्तार करने और अपनी मौजूदा टेक्सटाइल क्षमताओं को बढ़ाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण-अनुकूल और कुशल उत्पादन प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए तकनीक और बुनियादी ढांचे के उन्नयन के माध्यम

**स्वागत** | रास्ते में हिन्दू, सिख व कश्मीरी भइचारों ने किया विशेष स्वागत

# गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को समर्पित दिल्ली से साइकिल यात्रा पहुंची अमृतसर ‘गोल्डन गेट’

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली से शुरू हुई साइकिल यात्रा, जो गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत-दीहाड़े को समर्पित थी, अमृतसर के ‘गोल्डन गेट, अमृतसर’ पहुंची।

दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मंजीत सिंह जीके की अगुवाई में निकली यह यात्रा दिल्ली से पिंडों, कस्बों एवं खेतों के रास्ते होकर अमृतसर तक आई। इस अवसर पर कमेटी एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी, कार सेवा से बाबा कश्मीर सिंह भूरी वाले और दरबार साहिब के हेड ग्रंथी गियानी रघबीर सिंह ने यात्रा का गरिमापूर्ण स्वागत किया। मंजीत सिंह जीके ने मीडिया से




दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मंजीत सिंह जीके — समर न्यूज़

बातचीत करते हुए कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य गुरु तेग बहादुर साहिब की साझा मानवता, त्याग और धार्मिक साहस की भावना को आम लोगों तक पहुँचाना था। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि औलंगजेब ने गुरु साहिब की शहादत के बाद उनके शरीर और सिर की बेअदबी करने की कोशिश की थी, पर दिल्ली के सिखों ने भाई जैता व भाई लख्खी शाह वणजारा के रूप में साहस दिखा कर गुरु साहिब के सिर को मर्यादा सहित सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया।

इस मौके पर एसजीपीसी यूट्यूब चैनल बंद होने के मामले पर एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी व हेड ग्रंथी गियानी रघबीर सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब लाखों-करोड़ों संगत घर बैठे ही गुरबाणी सुन रही है, उस समय शहादत-दिवस के दौरान चैनल को बंद करना बहुत ही मंदभागा कदम है।

# स्क्रीन टाइम को लेकर बढ़ी चिंता, माता-पिता उठा रहे हैं चरम कदम

## ▪ तकनीक पर नियंत्रण खोने से परेशान अभिभावक कोच, ऑनलाइन समुदायों व डिजिटल डिटॉक्स कैंप का सहारा ले रहे



**सुरेंद्र सिंह अंकुश | मोहाली**
**समर न्यूज़**

जब माता-पिता को लगता है कि वे अपने बच्चों की स्क्रीन आदतों पर नियंत्रण खो चुके हैं, तो वे ब्रिटेन के डेनियल टॉवेल जैसे विशेषज्ञों को बुलाते हैं। 36 वर्षीय टॉवेल एक पेशेवर स्क्रीन-टाइम कोच हैं, जो परिवारों के साथ व्यक्तिगत रूप से काम करते हैं। उनका कहना है कि ज़्यादातर परिवार एक ही सवाल पूछते हैं—बच्चों को कितनी स्क्रीन टाइम दी जाए कि वे सही व्यवहार करें? लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। टॉवेल बताते हैं कि कई माता-पिता खुद भी उतने ही तकनीक-निर्भर हैं जितने उनके बच्चे। और 'कोल्ड टर्की' जैसे कठोर उपाय अक्सर बेअसर साबित होते हैं। जो काम उन्होंने तकनीकी सलाह का माना था, वह दरअसल रिश्तों, पैटर्न और उस डिजिटल माहौल को समझने का हो गया है, जिसे बच्चों को ध्यान में रखकर बनाया ही नहीं गया। आज की दुनिया में सब कुछ फेंड फॉर योरसेल्फ जैसा है," वे कहते हैं। "माता-पिता बच्चों को सुरक्षित, खुश और जीवित रखने की कोशिश कर रहे हैं—और साथ ही उन्हें इंस्टाग्राम और टिक टॉक के एल्गोरिदम, वीपीएन और डिसकोर्ड तक समझना पड़ता है। आधुनिक अभिभावक अब आईटी विभाग, स्क्रीन-टाइम पुलिस, कंटेंट फिल्टर और स्कैम एजुकेटर सभी की भूमिका निभा रहे हैं। AI चैटबॉट, अनजान चैट और एल्गोरिदम के जोखिम बढ़ने के साथ-साथ वे अपनी तकनीकी आदतों से भी जूझ रहे हैं। ऐसे में कई माता-पिता विशेषज्ञों से मदद ले रहे हैं-कोच, ऑनलाइन समुदाय और यहां तक कि टेक्नोलॉजी डिटॉक्स कैंप तक। कैलिफ़ोर्निया की पेरेंटिंग कोच सामंथा ब्रॉक्सटन कहती हैं—"हम बाहर से डरते हैं, इसलिए बच्चे घर में रहते हैं। और हम घर के अंदर के खतरों से उतने नहीं डरते।" उनके अनुसार परिवार या तो बच्चों को पूरी तरह तकनीक से दूर रखते हैं या फिर बिना कौशल और गाइडेंस के बहुत ज्यादा एक्सेस दे देते हैं। वे बताती हैं—"पैरेंटल कंट्रोल काफी नहीं है।



डेनियल टॉवेल।

### ▪ बच्चों के लिए डिजिटल डिटॉक्स कैंप- चार हफ्ते बिना किसी टेक्नोलॉजी के सहारे

कैलिफ़ोर्निया के सैंटा बारबरा में रीसेट समर कैंप के कार्यकारी निदेशक माइकल जैकबस कहते हैं—"तकनीक हम पर चुपके से हावी हो गई। हमने इसके नशे को समझा ही नहीं, और बहुत देर हो चुकी थी।" इस कैंप में 13 से 18 वर्ष के लगभग तीन दर्जन किशोर चार हफ्तों तक कॉलेज हॉस्टल में बिना किसी तकनीक के रहते हैं। शुल्क लगभग 8,000 डॉलर प्रति बच्चे है। पहले हफ्ते बच्चे बेचैन रहते हैं, लेकिन धीरे-धीरे वे ऑफलाइन रहना सीख लेते हैं।

जैकबस के अनुसार समस्या वही है—माता-पिता बहुत जल्दी बच्चों को स्मार्टफोन दे देते हैं और बाद में नियंत्रण नहीं संभाल पाते।

"सच कहूँ तो, कई माता-पिता पैरेंटिंग से बच रहे हैं," वे जोड़ते हैं।

**▪ स्मार्टफोन का शुरुआती एक्सेस और नियमों का ढीला पालन...**

पीव शोध केंद्र के अनुसार—12 साल तक के करीब 25% बच्चों के पास अपना स्मार्टफोन है। अधिकांश बच्चों के पास टैबलेट या स्मार्टफोन की पहुंच है। 86% माता-पिता नियम बनाते हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश कहते हैं कि वे इन नियमों का पालन कभी-कभी या अक्सर ही कर पाते हैं।



**▪ खतरेः AI चैटबॉट, अनजान चैट रूम और एल्गोरिदमिक फीड...**

कैलिफ़ोर्निया की शिक्षिका और माँ, स्टीफ़नी लोश कहती हैं—"मैंने कभी नहीं सोचा था कि पेरेंटिंग इतनी मुश्किल होगी। और तकनीक ने इसे और कठिन बना दिया। यह जैसे एक और फुल-टाइम नौकरी हो।" अपनी बेटी के AI चैटबॉट PolyBuzz से अनुचित बातचीत की संभावना जानने के बाद वे 14.99 डॉलर मासिक शुल्क देकर मॉनिटरिंग ऐप Bark इस्तेमाल करती हैं।

**▪ एक्सपर्ट्सः असली खतरा- एलगोरिदमिक फीड और अनजान चैट...**

बेन गिलेनवॉटर, जिन्हें ऑनलाइन फ़ैमिली आईटी गाइ के नाम से जाना जाता है, कहते हैं—"ये प्लेटफ़ॉर्म बच्चों के लिए नहीं बने। बच्चों के लिए सेटिंग्स बस ऊपर से चिपकाई गई चीज़ें हैं।" टेक कंपनियों में सीटीओ रह चुके गिलेनवॉटर माता-पिता को दो खतरों पर ध्यान देने को कहते हैंः एल्गोरिदमिक फीड, अनाम चैट, वे सुझाव देते हैं कि ऐसे ऐप न दें जिनमें ये फीचर हों, या फिर उपयोग पर कड़ा नियंत्रण रखें—जैसे बेडरूम में स्क्रीन न दें।

**▪ बच्चे हर रोक का रास्ता निकाल लेते हैं...**

आइडाहो के स्कूल रिसोर्स ऑफिसर डेविड गोमेज़, जिन्हें 'ऑफिसर गोमेज़' फ़ेसबुक पर लाखों लोग फॉलो करते हैं, बताते हैं कि बच्चे किस तरह पैरेंटल कंट्रोल को चकमा देते हैं—बाइबल ऐप के ज़रिये चैट रूम, एजुकेशनल ऐप से अनलिमिटेड यू ट्यूब, मैप/म्यूज़िक ऐप में आपत्तिजनक कंटेंट, गूगल Docs और Slides में बुलिंग और फोटो शेयरिंग, खुद की नग्न तस्वीरें भेजना, और सेक्सटोर्शन का शिकार होना। वे कहते हैं—"सबसे अच्छा तरीका है कठिन विषयों पर लगातार बातचीत करना और बच्चों को स्मार्टफोन देने में देर करना। एक बार जब उन्हें अनलिमिटेड इंटरनेट मिल गया, तो इसे वापस लेना असंभव हो जाता है।"

# बांग्लादेश हसीना के प्रत्यर्पण को इंटरपोल की लेगा मदद

## ढाका ने भारत से औपचारिक अनुरोध की तैयारी की, ICT ने हसीना को सुनाई मौत की सजा

**समर न्यूज़ नेटवर्क | नई दिल्ली**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज़्ज़मान खान कमाल को भारत से प्रत्यर्पित कराने की दिशा में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय हो गई है। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाले अंतरिम प्रशासन के नेतृत्व में ढाका अब इंटरपोल के जरिये दोनों नेताओं की गिरफ्तारी की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। ढाका स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (ICT) ने मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में हसीना और कमाल को अनुपस्थिति में मौत की सज़ा सुनाई है।

### इंटरपोल रेड नोटिस जारी करने की तैयारी

अंतरिम सरकार में कानून और संसदीय मामलों के सलाहकार आसिफ नज़रूल ने बताया कि नई दिल्ली को प्रत्यर्पण की मांग वाला एक औपचारिक पत्र भेजा जाएगा। ICT के अभियोजक गाज़ी एमएच तमीम ने कहा कि दोनों "फरार दोषियों" के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पहले गिरफ्तारी वारंट के आधार पर अनुरोध भेजा गया था, लेकिन अब दोषसिद्धि वाले वारंट के आधार पर विदेश मंत्रालय के माध्यम से नया अनुरोध किया जाएगा।

**▪ भारतीय-बांग्लादेश प्रत्यर्पण संधि पर राजनीतिक पेच...**

भारत और बांग्लादेश के बीच 2013 में हुई प्रत्यर्पण संधि दोनों देशों को दोषियों को सौंपने के लिए बाध्य करती है। हालांकि, इस संधि में एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह भी है कि "राजनीतिक प्रकृति" के मामलों में प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि शेख हसीना का मामला इसी श्रेणी में आता है और इसलिए भारत के लिए निर्णय लेना आसान नहीं होगा। यह मामला कानूनी तौर पर भी धुंधले और राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में आता है।

**▪ अवामी लीग का विरोध, भारत से मदद की अपील...**

शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने ICT के फैसले को पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित करार दिया है। पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार ने न्यायालय का उपयोग राजनीतिक प्रतिशोध के लिए किया है। इसी बीच, हसीना के बेटे और अवामी लीग के वरिष्ठ नेताओं ने भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने नई दिल्ली से अपील की है कि वह प्रत्यर्पण को मंजूरी न दे और बांग्लादेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली में सहयोग करे। उन्होंने अब तक प्राप्त समर्थन के लिए भारतीय नेतृत्व का धन्यवाद भी किया है।

**▪ भारत का संतुलित रुख, कानूनी तौर पर खुली गुंजाइश...**

भारत ने अब तक इस मामले पर स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है। विदेश मंत्रालय ने केवल इतना कहा है कि भारत "बांग्लादेश के लोगों के सर्वोत्तम हितों के प्रति प्रतिबद्ध" है और "सभी हितधारकों से रचनात्मक संवाद जारी रखेगा।" भारतीय कानून—प्रत्यर्पण अधिनियम, 1962—केंद्र सरकार को व्यापक अधिकार देता है। अधिनियम की धारा 29 के अनुसार, केंद्र सरकार अनुरोध को ठुकरा सकती है यदि उसे लगे कि मामला हल्का है, राजनीतिक कारणों से प्रेरित है, या न्याय के हित में नहीं है। साथ ही, यदि अपराध राजनीतिक प्रकृति का हो, तो प्रत्यर्पण नहीं किया जा सकता। कानूनी तौर पर भारत किसी भी तरह बाध्य नहीं है और चाहे तो लंबे समय तक निर्णय लंबित रख सकता है। अंतिम फैसला भारत के कानूनी प्रावधानों, कूटनीतिक समीकरणों और बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिति पर निर्भर करेगा।



बांग्लादेश में शेख हसीना के पोस्टर पर कीचड़ फेंका गया -समर न्यूज़

# बिजली की चोरी 96461-75770 पर करें शिकायत

## ▪ बिजली चोरी पर अंकुश लगाने को पीएसपीसीएल की पहल

**समर न्यूज़ | पटियाला**

पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) ने राज्य में बिजली चोरी की घटनाओं पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कॉर्पोरेशन ने आम जनता से अपील की है कि वे बिजली चोरी से संबंधित कोई भी जानकारी गोपनीय रूप से पीएसपीसीएल प्रशासन को प्रदान करने में सहयोग करें। इस नई पहल के तहत, अब लोग बिजली चोरी की रिपोर्ट करने के लिए एक विशेष मोबाइल नंबर का उपयोग कर सकते हैंः 96461-75770 यह नंबर सीधे चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर पीएसपीसीएल के अधीन है। जानकारी इस नंबर पर सीधे कॉल करके या व्हाट्सएप संदेश भेजकर दी जा सकती है। पीएसपीसीएल सूचना देने वाले की पहचान की 100% गोपनीयता की गारंटी देता है। किसी भी परिस्थिति में सूचना देने वाले का नाम उजागर नहीं किया जाएगा। इस नंबर की निगरानी सीधे शीर्ष प्रशासन द्वारा की जा रही है, जो शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। पीएसपीसीएल के एक प्रवक्ता ने कहा, बिजली चोरी न केवल कॉर्पोरेशन को वित्तीय नुकसान पहुँचाती है, बल्कि इससे आम उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। राज्य के प्रत्येक नागरिक से इस अभियान में हमारा समर्थन करने की अपील करते हैं, ताकि बिजली चोरी को जड़ से खत्म किया जा सके।

### ▪ निर्वासित लेखिका ने फैसले को बताया पक्षपातपूर्ण, बांग्लादेश में नया विवाद

# हसीना क्यों अपराधी, यूनुस की जिहादी ताकतों पर कार्रवाई क्यों नहींः तसलीमा

**कमलेश शर्मा | चंडीगढ़**
**समर न्यूज़**

निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (ICT) द्वारा दी गई फाँसी की सजा पर गंभीर आपत्ति जताई है। तसलीमा ने सवाल उठाया है कि आखिर हसीना को अपराधी घोषित किया जा रहा है, जबकि अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस और उनके साथ जुड़े कट्टरपंथी समूहों को समान घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार क्यों नहीं ठहराया जा रहा। सोमवार को ICT ने शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में मौत की सज़ा सुनाई। माना जाता है कि यह वही फैसला है जिसने बीते वर्ष छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसाओं के बाद हसीना सरकार के पतन का रास्ता बनाया।

**▪ तसलीमा का तीखा हमला— "यूनुस वही काम करते हैं, जिसे हसीना का अपराध कहा जा रहा...**

तसलीमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा- "यूनुस और उनकी जिहादी ताकतें वही काम करते हैं और उसे न्यायोचित बताते हैं, लेकिन वही कार्रवाई जब हसीना करती हैं तो उन्हें अपराधी कहा जाता है। बांग्लादेश में न्याय के नाम पर यह नाटक कब खत्म होगा?" तसलीमा ने सवाल उठाया कि जब तोड़फोड़ या हिंसा के दौरान किसी भी सरकार द्वारा गोली चलाने का आदेश दिया जाता है, तो वह खुद को दोषी नहीं कहती। फिर जुलाई 2024 में उपद्रवियों पर गोली चलाने का आदेश देने के लिए सिर्फ हसीना को ही अपराधी क्यों माना जा रहा है?



**▪ कट्टरपंथियों के निशाने पर रही हैं तसलीमा...**

तसलीमा नसरीन का बयान बांग्लादेश की अशांत राजनीतिक स्थिति में एक और विवाद जोड़ रहा है। वर्ष 1994 में अपने उपन्यास 'लज्जा' में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हुए अत्याचारों को उजागर करने के बाद उन्हें इस्लामी कट्टरपंथियों के फतवे के कारण बांग्लादेश से भागना पड़ा था। दुनिया के कई देशों में उनकी किताब बेस्टसेलर बनी, लेकिन बांग्लादेश में इसे प्रतिबंधित कर दिया गया। भारत में रहकर तसलीमा अक्सर बांग्लादेश की राजनीति, धर्मनिरपेक्षता और मानवाधिकारों पर अपनी राय रखती रही हैं। हाल के महीनों में तसलीमा ने यूनुस सरकार पर मानवता के खिलाफ अपराधों में लिप्त होने के आरोप लगाए हैं और मांग की है कि 2006 में मिला नोबेल शांति पुरस्कार उनसे वापस लिया जाए तथा उन्हें आजीवन कारावास का दंड मिले।

**▪ यूनुस पर बढ़ते सवाल, राजनीतिक असर गहराता...**

मोहम्मद यूनुस को ग्रामीण बैंक के साथ संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार उस सूक्ष्म ऋण मॉडल के लिए मिला था, जिसने गरीब परिवारों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने में योगदान दिया। लेकिन तसलीमा का आरोप है कि वर्तमान अंतरिम सरकार "जिहादी ताकतों" से प्रभावित है और बांग्लादेश को कट्टरवाद की ओर ले जा रही है। विश्लेषकों का मानना है कि शेख हसीना को दी गई सजा न केवल उनकी राजनीतिक विरासत पर असर डालेगी, बल्कि अंतरिम सरकार की विश्वसनीयता पर भी बड़े सवाल खड़े करेगी। चुनाव से पहले यह विवाद और गहराने की आशंका है, खासकर जब अवामी लीग इसे सरकार समर्थित "बदले की राजनीति" बता रही है। तसलीमा नसरीन की यह टिप्पणी बांग्लादेश में न्यायिक निष्पक्षता और राजनीतिक प्रतिशोध पर एक नई बहस को हवा दे रही है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### रहरास साहिब के लाइव प्रसारण के दौरान कार्रवाई

# एसजीपीसी का आधिकारिक यूट्यूब चैनल एक सप्ताह के लिए निलंबित

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के आधिकारिक यूट्यूब चैनल "SGPC, Sri Amritsar" को यूट्यूब ने अपनी नीतियों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक सप्ताह के लिए ब्लॉक कर दिया है। यह कार्रवाई 19 नवंबर 2025 की शाम उस समय प्रभावी हुई, जब श्री हरिमंदिर साहिब से रोजाना होने वाला रहरास साहिब का सीधा प्रसारण चल रहा था।

### ▪ 31 अक्टूबर की वीडियो पर आपत्ति

यूट्यूब की ओर से कहा गया है कि 31 अक्टूबर 2025 को अपलोड की गई एक वीडियो प्लेटफॉर्म की कंटेंट पॉलिसी का उल्लंघन करती है। इस वीडियो में एक सिख प्रचारक ने सिख इतिहास से जुड़े प्रसंगों और 1984 की घटनाओं का उल्लेख किया था। यूट्यूब ने इन संदर्भों को अपनी गाइडलाइनों के विरुद्ध मानते हुए चैनल पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया।

**▪ एसजीपीसी ने यूट्यूब को भेजा विस्तृत स्पष्टीकरण...**

एसजीपीसी ने इस कार्रवाई को लेकर यूट्यूब से संपर्क किया है और अपना विस्तृत पक्ष, धार्मिक दृष्टिकोण और वीडियो के ऐतिहासिक संदर्भ को स्पष्ट किया है। संस्था ने कहा कि संबंधित वीडियो में केवल सिख इतिहास और शहीदों के बलिदान से जुड़े तथ्य साझा किए गए थे, और किसी भी प्रकार का अनुचित कंटेंट प्रस्तुत नहीं किया गया था। एसजीपीसी फिलहाल यूट्यूब से इस मामले में सकारात्मक समाधान की प्रतीक्षा कर रही है।

**▪ दूसरे आधिकारिक चैनल पर जारी रहेगा लाइव कीर्तन...**

मुख्य चैनल बंद होने के बाद एसजीपीसी ने विश्वभर की संगत से अपील की है कि वे गुरबाणी कीर्तन तथा श्री हरिमंदिर साहिब से होने वाले लाइव प्रसारण के लिए एसजीपीसी के दूसरे आधिकारिक चैनल 'शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर' से जुड़ें। एसजीपीसी ने भरोसा दिलाया है कि मुख्य चैनल बहाल होने तक कीर्तन सेवाएं बिना बाधा के जारी रहेंगी।

### • एसजीपीसी प्रधान और हेड ग्रंथी ने जताई गहरी चिंता



*एसजीपीसी के प्रधान तथा हेड ग्रंथी ज्ञानी रघुबीर सिंह ने इस निलंबन पर कड़ी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस के अवसर पर, जब लाखों श्रद्धालु डिजिटल माध्यम से श्री हरिमंदिर साहिब की गुरबाणी सुनते हैं, ठीक उसी समय चैनल पर रोक लगा देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।*

### • ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उठाए सवाल



*पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के दौरान, श्री दरबार साहिब से गुरबानी कीर्तन के प्रसारण के लिए शिरोमणि कमेटी द्वारा चलाए जा रहे यूट्यूब चैनल को एक सप्ताह के लिए निलंबित करना बहुत दुखद और चिंताजनक है।*

# जियो का AI ऑफर, 5G यूज़र्स को मिलेगा फ्री Gemini 3 एक्सेस

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**




जियो ने अपने AI ऑफर में बड़ा अपडेट किया है। ऑफर के तहत अब जियो जेमिनी प्रो प्लान सभी जियो अनलिमिटेड 5G यूज़र्स के लिए बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध होगा। इस प्लान में गूगल के नए और एडवांस जेमिनी 3 मॉडल को शामिल किया गया है, जिससे यूजर्स को और भी शानदार AI का अनुभव मिलेगा। पहले यह ऑफर केवल युवा ग्राहकों तक ही सीमित था, लेकिन अब कंपनी ने इसे पूरे अनलिमिटेड 5G यूज़र बेस तक बढ़ा दिया है। इसके साथ जियो ने एडवांस AI तकनीक को हर भारतीय के हाथों में पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।कंपनी ने बताया कि सभी जियो अनलिमिटेड 5G ग्राहक 18 महीनों तक जेमिनी प्रो प्लान का मुफ्त लाभ उठा सकेंगे, जिसकी कीमत 35,100 है।

# रोहतक में ऑनर किलिंग की घटना : 23 वर्षीय सपना की गोली मारकर हत्या

## कोर्ट मैरिज से नाराजगी, चार हमलावरों ने उतारा मौत के घाट

समर न्यूज़ | रोहतक

काहनी गांव में वीरवार रात 23 वर्षीय सपना की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका देवर साहिल (20) गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को रात करीब पौने 11 बजे पीजीआइएमएस रोहतक लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सपना को मृत घोषित कर दिया। साहिल का इलाज जारी है।

पुलिस ने बताया कि हमलावर चार थे। जानकारी के अनुसार, हत्या के समय सपना का पति सूरज शहर में ऑटो चला रहा था। घर पर सिर्फ सूरज की मां, भाई, पत्नी और दो वर्षीय बेटा मौजूद थे। 22 नवंबर को सूरज के बेटे का जन्मदिन है और घर में उसके लिए समारोह की तैयारी चल रही थी। सपना और सूरज ने लगभग तीन साल पहले कोर्ट मैरिज की थी, जिसे सपना के स्वजन स्वीकार नहीं कर रहे थे। विरोध के चलते परिवार ने स्पष्ट कर दिया था कि दंपती गांव में नहीं रह सकता।




सपना की फाइल फोटो। -समर न्यूज़

इस विवाद के कारण दंपती कुछ समय के लिए गांव छोड़कर रोहतक में किराए पर रह रहे थे। करीब दो महीनों से उन्होंने फिर से गांव आना-जाना शुरू किया और स्थायी रूप से वहीं रहने लगे। इस बात को लेकर सपना का मायका पक्ष नाराज चल रहा था। पुलिस ने घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। प्रथम दृष्टया मामला ऑनर किलिंग का प्रतीत हो रहा है। वारदात की रात सपना ने सीसीटीवी कैमरे में चार हमलावरों को घर की ओर आते देखा। शक होने पर उसने गेट बंद किया, लेकिन इसी बीच एक युवक ने फायरिंग कर दी। बचाव के प्रयास में देवर साहिल पर भी गोली चली। सूत्रों का दावा है कि गोली चलाने वाला सपना का भाई संजू है, जो वारदात के बाद फरार हो गया। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# गुहला क्षेत्र में तेजी से बदल रही तस्वीर, ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप हो रहे विकास कार्य

समर न्यूज़ | कैथल

गुहला ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन सुखविंदर कौर ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य पारदर्शिता,निष्पक्षता और समान भाव से करवाए जा रहे हैं उन्होंने बताया कि कोशिश रहती है कि कोई भी गांव, वार्ड या व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से पीछे न रहे पत्रकारों से बातचीत में चेयरपर्सन ने बताया कि ब्लॉक समिति ग्रामीण जरूरतों को प्राथमिकता में रखकर काम कर रही है।

सड़कों की मरम्मत, नई गलियों का निर्माण, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्ट्रीट लाइट लगाना और क्षेत्र के स्कूलों में सफाई व्यवस्था जैसी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। सुखविंदर कौर ने ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों की निगरानी में सक्रिय सहयोग करें ताकि गुणवत्ता में कोई कमी न रह सके।

# हरियाणा में एंटी-टेररिस्ट सेल का गठन, एनसीआर पर रहेगा मुख्य फोकस

## ऑपरेशन के लिए 500 कमांडो रहेंगे तैयार, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

फरीदाबाद में आतंकी मॉड्यूल मिलने के बाद हरियाणा पुलिस ने राज्य में एंटी-टेररिस्ट सेल बनाने का फैसला किया है। इस कदम का उद्देश्य एनसीआर में आतंकवादी गतिविधियों की लगातार निगरानी करना और समय रहते खुफिया जानकारी जुटाकर किसी भी खतरे को टालना है।

पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने बताया कि नई सेल न केवल खुफिया जानकारी एकत्र करेगी बल्कि ऑपरेशन और जांच का काम भी संभालेगी। डीजीपी ने कहा कि इस नई सेल का मुख्य फोकस राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) पर रहेगा, जिनमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत और झज्जर प्रमुख हैं। एनसीआर में कुल 150 से अधिक पुलिस स्टेशन हैं, और प्रत्येक थाने में अब दो सुरक्षा एजेंटों के बजाय आतंकवादी गतिविधियों की निगरानी के लिए एक विशेष सुरक्षा एजेंट तैनात किया जाएगा। यह एजेंट प्रतिदिन वरिष्ठ अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे और उन्हें दिए गए टास्क को अंजाम देंगे।



डीजीपी ओपी सिंह।

डीजीपी ने बताया कि ऑपरेशन के लिए 500 कमांडो तैयार रहेंगे, जिन्हें किसी भी गंभीर खतरे के समय तुरंत तैनात किया जा सकेगा। इस कदम से एनसीआर और हरियाणा में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

हरियाणा पुलिस ने गृह विभाग के साथ भी इस प्रस्ताव पर चर्चा की और इसे लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

पुलिस का कहना है कि राज्य में आतंकवादियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार के हमले या खतरे को समय रहते नाकाम बनाया जाएगा। यह एंटी-टेररिस्ट सेल खुफिया जानकारी के साथ-साथ ऑपरेशनल क्षमता बढ़ाकर राज्य की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगी और नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करेगी।

# एक्सप्रेस वे पर 7 साल के बच्चे का शव टुकड़ों में मिला

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

जिले में एक रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है। बिलासपुर थाना क्षेत्र के केएमपी एक्सप्रेसवे के पास एक सात साल के बच्चे का शव कई हिस्सों में मिला। इस खौफनाक दृश्य को देख आसपास के लोग सन्न रह गए। अभी तक बच्चे की पहचान नहीं हो सकी है।

सूत्रों के अनुसार, बुधवार शाम उदयपुरी गांव के पास केएमपी एक्सप्रेसवे की ग्रीन बेल्ट में झाड़ियों से बच्चे के सिर और एक पैर का हिस्सा बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि शव के ये अवशेष पांच से छह दिन पुराने और डिकंपोज हो चुके थे। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस विभिन्न धाराओं के तहत जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटना की सूचना स्थानीय निवासी उमेश ने कंट्रोल रूम को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी पटौदी, सीन ऑफ क्राइम, एफएसएल और अन्य टीमें भी जांच में जुट गईं।



बच्चे का शव मिलने वाली जगह की फोटो। -समर न्यूज़

जांच में पता चला कि किसी धारदार हथियार से बच्चे की हत्या की गई और शव को कई हिस्सों में काटकर अलग-अलग जगह फेंक दिया गया। पुलिस ने सिर और पैर बरामद किए हैं, जबकि अन्य हिस्सों की तलाश जारी है। एसीपी पटौदी सुखबीर सिंह ने कहा कि घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमों को लगाया गया है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत सूचना दें। यह मामला क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा रहा है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ही हत्या के रहस्य का पर्दाफाश कर सकेगी।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जीवंत हुई देश की लोक कला और शिल्प

## ब्रह्मसरोवर पर शिल्प मेले में असम की बांस कारीगरी छाई, कारीगरों की कला ने जीते सबके दिल

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

पवित्र ब्रह्मसरोवर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव देश की विलुप्त होती लोक संस्कृति और शिल्प कला को जीवंत कर रहा है। महोत्सव में विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपने-अपने प्रदेश की अनोखी लोक कला और शिल्पकला को प्रदर्शित कर रहे हैं। ब्रह्मसरोवर के तट शिल्पकला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सज गए हैं, जिससे हर पर्यटक मंत्रमुग्ध हो रहा है। महोत्सव में उत्तराखंड के छपेली, पंजाब का गटका, हिमाचल प्रदेश का गद्दी नाटी, राजस्थान के बहरुपिए, पंजाब के बाजीगर और राजस्थान के लहंगा नृत्य जैसी प्रस्तुतियां देखने को मिल रही हैं। इन प्रदर्शनों से ब्रह्मसरोवर के घाट गूंज रहे हैं और पर्यटक इन कला संगम का आनंद उठाते हुए गदगद हो रहे हैं।



गीता महोत्सव में नृत्य करते हुए कलाकार। -समर न्यूज़

बुधवार को महोत्सव के पांचवें दिन भी कलाकारों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रस्तुतियां दी। सुबह से शाम तक पर्यटक कलाकारों के साथ झूमते और सेल्फी लेते नजर आए। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड के कलाकारों की प्रस्तुति के चलते ब्रह्मसरोवर का माहौल लघु भारत का अनुभव दे रहा था। पर्यटक कलाकारों के साथ नृत्य कर रहे थे, कुछ ने अपनी यादगार पल सेल्फी और वीडियो में कैद किए, जिन्हें सोशल मीडिया के जरिए देश-विदेश में साझा किया जा रहा है।

पंजाब से आए कलाकार गुरकीरत सिंह और जम्मू से आई ईशा ने बताया कि प्राचीन लोक कला को जीवित रखना आज बड़ी चुनौती है। बदलते दौर में इस कला को दर्शकों तक पहुंचाना आसान नहीं है, लेकिन गीता महोत्सव जैसे मंच मिलने से यह चुनौती कम होती है। महोत्सव लोक संस्कृति को विभिन्न राज्यों तक फैलाने और वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर भी देता है। वेशभूषा, संगीत, नृत्य, गीत और संस्कृति का समग्र अनुभव यहां देखने को मिलता है।

सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों की अनोखी कारीगरी ब्रह्मसरोवर की फिजा को रंगीन बना रही है। कलाकार सिराज, अख्तर और रंजन जैन ने बताया कि उन्होंने बांस से बने घर सजावट के सामान, फ्रूट बास्केट, फ्लावर पोर्ट, दीवार की सजावट, कप प्लेट, वॉल हैंगिंग, टेबल लैम्प और पानी की बोतल जैसी चीजें अपने साथ लाईं। ये सभी कलाकृतियां असम में बनाई जाती हैं और इसके निर्माण में कई लोग काम करते हैं।

पर्यटक इन शिल्पकलाओं को देखकर आश्चर्यचकित और मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के इस सांस्कृतिक मंच ने देश की प्राचीन लोक कला और शिल्पकला को न केवल जीवंत किया है, बल्कि इसे देश-विदेश के दर्शकों तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# मंत्री आरती राव की कांग्रेस अध्यक्ष को नसीहत, चिल्लाने से कुछ नहीं होगा पहले अपने घर की सफाई करें

## अल्फलाह यूनिवर्सिटी को लेकर बोली- आरती राव, जड़ तक पहुंचने के बाद ऐसी यूनिवर्सिटियों और कॉलेजों का होगा सफाया

सुन्दर कुंडू | पलवल
समर न्यूज़

हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान व आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने वीरवार को पलवल जिला सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक ली। बैठक में एक दर्जन से अधिक परिवादों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपिन बैसला, उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि ग्रीवेंस की बैठक में 14 शिकायतें सामने आई जिनमें से 10 शिकायतों को रिजोल्व कर दिया गया है जबकि 4 शिकायतों को पेंडिग़ रखा गया है। इस बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन को लेकर कहा कि प्रदर्शन करने से सच्चाई को झुठलाया नहीं जा सकता।



ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग की अध्यक्षता करती मंत्री आरती राव। -समर न्यूज़

उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को नसीहत देते हुए कहा कि वो कितना ही चिल्ला लें कि हमारे साथ ये हुआ वो हुआ जबतक आप अपने घर की सफाई नहीं करोगे तबतक आप कहीं नहीं पहुंच सकते। उनके लिए यही नसीहत है कि वो अपने घर की सफाई करें। वोट चोरी को लेकर आरती राव ने कहा कि हरियाणा में सरकार बने एक साल हो गया और हम पहले से बोल रहे थे कि हम हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने वाले हैं और हमारे विपक्षी बोलते थे कि हम सरकार बनाएंगे और उन्हें सीधे मुंह जवाब मिल गया और अब बिहार की जनता ने भाजपा ने सबसे बड़ी पार्टी बनाकर उन्हें जवाब दे दिया।

आरती राव ने फरीदाबाद की अल्फलाह यूनिवर्सिटी टेरर संबंधी घटना के मामले में कहा कि यह बहुत दुखद केस हैं कि इस तरह के संस्थान और डॉक्टर इस तरह की घटनाओं में आगे निकल रहे हैं यह अल्फलाह यूनिवर्सिटी जो है इसको यूनिवर्सिटी के तौर पर मान्यता 2014 से पहले मिली थी और जब इन्होंने न्यूमेरिकल कॉलेज मांगा था तो इन्हें स्वीकृति कोर्ट से लानी पड़ी थी।

उन्होंने कहा कि जब ओ कोर्ट की स्वीकृति के बाद मेडिकल कॉलेज बनाकर यह ऐसा काम कर रहे है यह बहुत दुखदायक काम है और भविष्य में यह देखने को मिलेगा कि जड़ तक पहुंचने के बाद ऐसी यूनिवर्सिटियों और कॉलेज जो इस तरह की घटनाओं में शामिल हैं उनका सफाया जरूर होगा।

# राजा नाहर सिंह मेट्रो स्टेशन पर तीन संदिग्ध बैग मिले

समर न्यूज़ | फरीदाबाद

बल्लभगढ़ स्थित राजा नाहर सिंह मेट्रो स्टेशन पर गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्टेशन प्रांगण में तीन संदिग्ध लावारिस बैग पड़े होने की सूचना मिली। यात्रियों और सुरक्षा कर्मियों ने एहतियात के तौर पर तुरंत पुलिस, सीआईएसएफ और बम निरोधक दस्ते को सूचना दी, जिसके बाद कई टीमें मौके पर जुट गईं। सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधन ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बस अड्डे की ओर खुलने वाले गेट नंबर-1 को तत्काल बंद कर दिया, जबकि रेलवे रोड की ओर बने गेट नंबर-2 से आवाजाही जारी रखी गई। बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्ता यूनिट, मेट्रो थाने की पुलिस और सिटी थाने की टीम ने बैगों की बारीकी से जांच शुरू कर दी।



संदिग्ध बैग की जांच करती हुई पुलिस

करीब दो घंटे चली इस उच्च स्तरीय जांच के दौरान मौके पर एक युवक आकाश पहुंचा, जिसने दावा किया कि ये तीनों बैग उसी के हैं।

# भाजपा किसान मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही : सांसद दीपेंद्र

## बोले, सरकार ने 15 लाख गरीब परिवारों के पीले राशन कार्ड रद्द कर दिए

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

नारनौंद, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा आज नारनौंद पहुंचे, जहां उन्होंने रणदीप लोहान की माता और चाचा के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर कड़े शब्दों में निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही है और लोगों के हकों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि



सासंद दीपेंद्र हुड्डा की फाइल फोटो

कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को उठाने के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार है और किसानों-मजदूरों को न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी। हुड्डा ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश के कारण किसानों की फसलें बुरी तरह बर्बाद हुईं, लेकिन सरकार अभी तक प्रभावित किसानों को मुआवजा देने में नाकाम रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब परिवारों को भी सरकारी योजनाओं का आर्थिक लाभ समय पर नहीं मिल रहा।

सांसद हुड्डा ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा में करीब 15 लाख गरीब परिवारों के पीले राशन कार्ड रद्द कर दिए गए हैं, जिससे सबसे ज्यादा असर कमजोर तबके पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। आए दिन आम लोगों को फिरौती मांगने की धमकियां मिल रही हैं, जो प्रशासन की नाकामी को उजागर करती हैं।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने जनता को झूठे सपने दिखाकर वोट हासिल किए, लेकिन अब लोग सच समझ चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह "वोट की नहीं, चोरी की सरकार" है।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में पूरी मजबूती के साथ एकजुट है और जनता के हकों की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

# झज्जर में शहीद के भाई की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

समर न्यूज़ | झज्जर/बहादुरगढ़

झज्जर जिले में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। उखलचना कोट गांव के निवासी रिंकू जो जम्मू-कश्मीर में सात वर्ष पहले शहीद हुए सैनिक अंकुर शर्मा के छोटे भाई थे, झज्जर-गुरुग्राम मार्ग पर हुए हादसे का शिकार हो गए। अचानक हुए इस हादसे ने परिवार के साथ-साथ पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रिंकू गांव के विकास नामक युवक के साथ बाइक पर झज्जर की ओर आ रहे थे। जैसे ही वे झज्जर-गुरुग्राम रोड पर पहुंचे, वहां एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रिंकू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल भिजवाया।



शव गृह के पास खड़े मृतक के परिजन। -समर न्यूज़

अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि दुर्घटना में शामिल वाहन और चालक की पहचान की जा सके। रिंकू के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने बताया कि अंकुर शर्मा की शहादत के बाद रिंकू ही घर का बड़ा सहारा था। गांव के लोग भी इस घटना से बेहद आहत हैं और रिंकू के मिलनसार स्वभाव को याद करते हुए शोक व्यक्त कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही परिवार ने कुछ वर्षों में दूसरी बड़ी क्षति झेली है, जिसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता।

सफलता


## एएसआई की पत्नी ने लगाए थे सुशील कुमार को जेल में घमकी मिलने के आरोप

# जेल विभाग ने एएसआई सुशील धमकी मामले में आरोप नकारे

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा जेल विभाग ने शराब ठेकेदार से जबरन वसूली के आरोपी और दिवंगत आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार की संदिग्ध आत्महत्या मामले में मुख्य गवाह एएसआई सुशील कुमार को बैरक के अंदर धमकी दिए जाने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

विभाग के अनुसार, प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि सुशील कुमार को किसी भी प्रकार की धमकी नहीं दी गई। बैरक में मौजूद 8, 9 कैदियों से पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि केवल टीवी की आवाज को लेकर कैदियों के बीच बहस हुई थी। किसी तरह की धमकी या जान का खतरा होने जैसा कोई तथ्य नहीं मिला। जेल विभाग ने पूरी रिपोर्ट सरकार को भेज दी है।



सुशील कुमार।



वाई पूरण कुमार की फाइल फोटो

**पत्नी ने लगाए थे गंभीर आरोप**

माह की शुरुआत में सुशील कुमार की पत्नी सोनी देवी ने आरोप लगाया था कि रोहतक की सुनारिया जेल में उनके पति को लगातार धमकियां मिल रही हैं और उनकी जिंदगी खतरे में है। उन्होंने दावा किया था कि सुशील साधारण कैदी नहीं हैं, बल्कि आईपीएस वाई पूरण कुमार आत्महत्या मामले के महत्वपूर्ण गवाह हैं, और वही यह साबित कर सकते हैं कि रोहतक में दर्ज जबरन वसूली की एफआईआर झूठी और एक बड़ी साजिश का हिस्सा है।

**क्या है पूरा मामला**

एएसआई सुशील कुमार दिवंगत आईपीएस वाई. पूरण कुमार के स्टाफ में शामिल थे। उन्हें 6 अक्टूबर को रोहतक के अर्बन एस्टेट थाने में दर्ज जबरन वसूली के एक केस में गिरफ्तार किया गया था। आरोप था कि वह एक शराब ठेकेदार से हर महीने 2.5 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। उनकी गिरफ्तारी के अगले ही दिन आईपीएस वाई. पूरण कुमार ने चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर आत्महत्या कर ली थी। गंभीर आरोप सामने आने के बाद जेल विभाग ने सुशील कुमार को सुरक्षा कारणों से रोहतक से अंबाला जेल शिफ्ट कर दिया था और मामले की जांच भी शुरू की थी।

जांच अधिकारी के मुताबिक, बैरक में मौजूद सभी कैदियों के बयान दर्ज किए गए और तथ्यों की गहन जांच की गई। जेल विभाग के महानिदेशक आलोक राय ने बताया कि आरोपों का कोई आधार नहीं मिला है और जांच में धमकी की बात असत्य पाई गई है।

# टीबी मरीजों को बड़ी राहत, हरियाणा सरकार खरीदेगी 40 टू-नेट मशीनें

## गांवों तक पहुंचेगी हाई-टेक जांच, 90 मिनट में आएगी टेस्ट रिपोर्ट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा के टीबी मरीजों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। अब प्रदेश में मरीजों को टीबी परीक्षण के लिए लंबी लाइनों में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हरियाणा सरकार ने पहली बार 40 आधुनिक टू-नेट मशीनों की खरीद के लिए 6 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इन मशीनों को राज्य के सीएचसी और पीएचसी में उपलब्ध कराया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, ये मशीनें टीबी के संदिग्ध मरीजों की त्वरित और गुणवत्तापूर्ण जांच में अहम भूमिका निभाएंगी। मरीजों का परिणाम मात्र एक से डेढ़ घंटे में मिल सकेगा, जिससे रोग का जल्द पता लग सकेगा। नई मशीनों से गंभीर टीबी मामलों की पहचान आसान हो जाएगी। इसका उद्देश्य हरियाणा के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों तक जांच सुविधा का विस्तार करना है। टू-नेट मशीन एमडीआर (मल्टीपल ड्रग रेजिस्टेंट) मरीजों की भी जांच करने में सक्षम है। समय पर रोग की पहचान होने से टीबी के संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी। जनवरी से अक्टूबर 2025 तक हरियाणा में करीब 79,000 नए टीबी मरीजों की पहचान हुई और नौ लाख से अधिक टेस्ट किए गए। इस दौरान 78,000 से अधिक मरीजों को सफलतापूर्वक टीबी मुक्त भी किया गया। टीबी अधिकारी का कहना है कि ज्यादा टेस्ट करने से मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज होती है, लेकिन इसका उद्देश्य संक्रमण को रोकना है। एक अनुमान के अनुसार, एक टीबी मरीज सालभर में 10 से 15 लोगों को संक्रमित कर सकता है। समय पर जांचऔर इलाज से संक्रमण को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। इसलिए हरियाणा सरकार और स्वास्थ्य विभाग जांच सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर दे रहे हैं।

# लोन डिफॉल्टरों को बड़ी राहत, बघाट बैंक ने वन-टाइम सेटलमेंट पॉलिसी लागू की

## डिफॉल्टरों को ब्याज में छूट मिलेगी, जबकि मूलधन का पूरा भुगतान अनिवार्य होगा, रिकवरी में तेजी की उम्मीद

समर न्यूज़ | सोलन



बघाट बैंक

बघाट बैंक ने ऋण डिफॉल्टरों के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वन-टाइम सेटलमेंट पॉलिसी लागू कर दी है। इस नई व्यवस्था के तहत डिफॉल्टरों को ब्याज में छूट मिलेगी, जबकि मूलधन का पूरा भुगतान अनिवार्य होगा। बैंक का मानना है कि नई नीति से ऋण जमा करवाने की प्रक्रिया आसान होगी और डिफॉल्टरों को आर्थिक राहत भी मिलेगी।

इसमें सस्ती दरों पर ऋण निपटारे की सुविधा का प्रावधान है, जिससे बड़े पैमाने पर डिफॉल्टरों को आकर्षित करने की उम्मीद है। हाल ही में बैंक का एनपीए स्तर घटकर 138 से 129 पर आ गया है, जो रिकवरी में आ रही सुधारात्मक प्रवृत्ति को दर्शाता है।

गौरतलब है कि लगातार बढ़ते एनपीए और वित्तीय अनियमितताओं के चलते रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ने बघाट बैंक पर कड़ी कार्रवाई की थी। इसके बाद रिकवरी संबंधी कदमों को और मजबूत किया गया, जिससे सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। सहायक पंजीयक कार्यालय द्वारा भी निरंतर नोटिस जारी किए जा रहे हैं और कुछ मामलों का निपटारा कोर्ट में किया गया है। इसी कार्यालय ने बैंक को ओटीएस पॉलिसी लागू करने की सलाह दी थी, जिसके बाद बोर्ड ने इसे मंजूरी देकर लागू कर दिया है। बैंक के चेयरमैन और कार्यकारी प्रबंध निदेशक ने हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मुलाकात कर रिकवरी की प्रगति की जानकारी साझा की थी। इसके अलावा स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के अधिकारियों से भी विस्तृत बातचीत की गई है। बैंक प्रबंधन का कहना है कि यदि रिकवरी इसी गति से बढ़ती रही तो आरबीआई से और राहत देने का अनुरोध करने की तैयारी की जाएगी।

वर्तमान में बैंक खातों की टैपिंग जारी है और खाता धारकों को केवल 10 हजार रुपये तक की निकासी की अनुमति है, जिससे लगभग 77हजार ग्राहक प्रभावित हैं। कई लोगों का पैसा फंसा हुआ है और वे आरबीआई से जल्द राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

# सूखे और ठंड का दोहरा असर, मौसम बन रहा चुनौती

समर न्यूज़ | शिमला


हिमाचल प्रदेश इस वर्ष भी नवंबर माह में गंभीर सूखे की स्थिति

हिमाचल प्रदेश इस वर्ष भी नवंबर माह में गंभीर सूखे की स्थिति का सामना कर रहा है। लगातार दूसरे साल बारिश न के बराबर रही है, जिससे जलस्रोतों, कृषि, बागवानी और पेयजल व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। प्रदेश में इस नवंबर तक सामान्य से लगभग 90 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 99 प्रतिशत तक कमी रही थी। वर्ष 2021 में भी बारिश सामान्य से 95 प्रतिशत कम हुई थी। बारिश में इस निरंतर गिरावट को देखते हुए सूखे का दायरा और अधिक बढ़ने की चेतावनी दी जा रही है।

राज्य के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। शिमला में 8.6, सुंदरनगर में 4.7, भुंतर में 4.6, कल्पा में 1.8, धर्मशाला में 7.5 और ऊना में 8.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। केलांग और कुकुमसेरी जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान -1.1 और -3.0 डिग्री तक पहुंच गया है। अधिकतम तापमान की बात करें तो ऊना में 27.0, हमीरपुर में 26.3, नाहन में 26.6 और शिमला में 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

कुल्लू और लाहौल-स्पीति के ऊंचे क्षेत्रों में पानी जमना शुरू हो चुका है। मनाली-लेह मार्ग, शिंकुला दर्रा और कुंजुम दर्रा में ब्लैक आइस बनने से वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 26 नवंबर तक प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, लेकिन ऊंचाई व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट संभव है।

कड़ाके की ठंड, बर्फ जमने और दुर्घटनाओं के खतरे को देखते हुए रोहतांग दर्रे को पर्यटकों के लिए आधिकारिक रूप से बंद कर दिया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार ग्रांफू से रोहतांग और जिंगजिंगबार से सरचू तक वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# प्रेमी पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

समर न्यूज़ | शिमला

शिमला में एक युवती द्वारा अपने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाने का मामला सामने आया है। हरियाणा की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि आरोपी युवक से उसका प्रेम संबंध था और दोनों पिछले दो महीनों से शिमला के ढली क्षेत्र में एक किराए के कमरे में रह रहे थे। इसी दौरान आरोपी ने कथित रूप से उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए, जिसके बाद उसकी मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ा।

पीड़िता के अनुसार वह सितंबर 2025 से आरोपी के साथ रह रही थी। शिकायत में बताया गया कि 21 सितंबर को युवक ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती का कहना है कि आरोपी ने उससे शादी का वादा किया था, जिसके भरोसे वह उसके साथ रहने आई थी। हालांकि अब आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया है, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज करने का निर्णय लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़िता के बयान के आधार पर मेडिकल जांच सहित आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं।

अधिकारी ने बताया कि मामला संवेदनशील है और जांच के दौरान सभी तथ्यों की गहनता से पड़ताल की जाएगी। आरोपी, जो दिल्ली का मूल निवासी बताया जा रहा है, पुलिस की निगरानी में है और उसके खिलाफ की गई कार्रवाई की आगे की जानकारी जांच पूरी होने के बाद साझा की जाएगी। पुलिस ने यह भी कहा कि इस प्रकार के मामलों में पीड़ितों को सुरक्षा और सहयोग प्रदान करना उनकी प्राथमिकता होती है तथा किसी भी प्रकार की संवेदनशीलता या लापरवाही से बचने के लिए सभी प्रक्रियाएं सावधानीपूर्वक अपनाई जा रही हैं।

# हिमाचल में कानून-व्यवस्था पर सरकार का पलटवार

संजू | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में हाल के अपराधों के बाद कानून-व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों पर मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि विपक्ष स्थिति को गलत तरीके से पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंडी में हुए तेजाब हमले के मामले में प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता को बचाने की हर संभव कोशिश के बावजूद आज PGI में उसने दम तोड़ दिया, जो अत्यंत दुखद है। चौहान के अनुसार यह एक घरेलू विवाद का मामला प्रतीत होता है और पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि तेजाब आखिर कहां से आया। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी सजा दिलाने में सरकार कोई ढिलाई नहीं बरतेगी।

# निजी होटल में जन्मदिन की पार्टी में चली गोली, एक युवक की मौत, दो घायल

समर न्यूज़ | ऊना

घटना शहर के एक निजी होटल में आयोजित बर्थडे पार्टी के दौरान हुई, जहां मामूली बहस ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। लगातार कुछ दिनों में यह दूसरी गोलीबारी की घटना है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, देर रात लगभग 12 बजे होटल में जन्मदिन का जश्न चल रहा था। इसी दौरान दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष की ओर से अचानक गोली चला दी गई। गोली एक युवक को जा लगी, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उसकी मौत हो गई। वहीं दो अन्य युवक भी गोलीबारी में घायल हुए हैं और अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है।




गोलीबारी की सनसनीखेज वारदात।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और होटल परिसर की गहन छानबीन की। इसके साथ ही अस्पताल में भी अधिकारियों ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

एसपी ऊना अमित यादव ने बताया कि बर्थडे पार्टी के दौरान दो परिचित पक्षों के बीच हुई बहसबाज़ी ने इस घटना को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि मामले की पूरी तरह से जांच की जा रही है और संबंधित पक्षों से पूछताछ जारी है।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज के साथ मौके पर मौजूद लोगों के बयान भी दर्ज कर रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारण और दोषियों की पहचान सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने दावा किया है कि जल्द ही मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# हिमाचल में शिक्षा सुधार को नई गति, 2,500 शिक्षक आधुनिक मूल्यांकन तकनीकों में प्रशिक्षित

संजू | शिमला
समर न्यूज़


2,500 शिक्षक आधुनिक मूल्यांकन तकनीकों में प्रशिक्षित। -समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश सरकार ने समग्र शिक्षा के तहत कक्षा-कक्ष मूल्यांकन को अधिक वैज्ञानिक, प्रभावी और अधिगम-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से एक उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम कोनवेजीनियस, के सहयोग से तैयार किया गया है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप शिक्षकों को आधुनिक मूल्यांकन तकनीकों में दक्ष बनाने पर केंद्रित है।

राज्य भर के 33,000 से अधिक सरकारी शिक्षकों को ब्लूम्स टैक्सोनॉमी, आधारित प्रश्न निर्माण, अवधारणात्मक मूल्यांकन तथा सुधारात्मक अधिगम रणनीतियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

दो दिवसीय कार्यशाला प्रारूप में आयोजित इन प्रशिक्षणों में शिमला, मशोबरा, सुन्नी और कसुम्पटी शिक्षा खंडों से प्राथमिक, मध्य एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षक बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर अध्यापक प्रतिभागियों को प्रश्नपत्र निर्माण की वैज्ञानिक प्रक्रिया, अधिगम परिणामों के अनुसार प्रश्नों के चयन, विषयवार ब्लूप्रिंट तैयार करने और उत्तर पुस्तिकाओं के विश्लेषण जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का अभ्यासाधारित प्रशिक्षण दे रहे हैं। इससे शिक्षकों में न केवल मूल्यांकन संबंधी दक्षता बढ़ रही है, बल्कि कक्षा-कक्ष में सीखने-सिखाने की गुणवत्ता भी बेहतर होने की उम्मीद है।

डिजिटल स्तर पर स्विफ्टचैट मंच पर उपलब्ध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित ऑनलाइन मॉड्यूल शिक्षक समुदाय को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त प्रमाणन प्रदान कर रहे हैं। साथ ही शिक्षक मंच पर शिक्षक अपने अनुभव साझा कर सहयोग, संवाद और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे अधिगम की सामूहिक संस्कृति विकसित हो रही है। शिमला जिले में फ्लोरेंस विला, बनूटी में आयोजित इन प्रशिक्षणों का संचालन शवेता चौहान द्वारा किया जा रहा है। यह पहल डीआईईटी शिमला के उपनिदेशक बलविंदर गुलेरिया तथा डीआईईटी समन्वयक डॉ. संजीव शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। मई 2025 से 20 नवंबर 2025 के बीच लगभग 2,500 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जो इस पहल के व्यापक प्रभाव को दर्शाता है।यह एकीकृत प्रशिक्षण मॉडल हिमाचल प्रदेश में मूल्यांकन प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और अधिगम-उन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम साबित हो रहा है।

# हिमाचल में पंचायती चुनाव पर विवाद गहराया

संजू | शिमला
समर न्यूज़



विधायक दल की बैठक। -समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में आगामी शीतकालीन सत्र से पहले भाजपा ने राज्य सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को लेकर टकराव का माहौल बनाने का आरोप लगाया है। सर्किट हाउस में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने की, जबकि इसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन भी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों पर चर्चा से हुई। भाजपा विधायक दल ने एनडीए को मिली बड़ी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार भाजपा नेतृत्व को बधाई दी गई तथा बिहार की जनता के प्रति आभार जताया गया।

विधायक दल के सचिव रणधीर शर्मा ने बताया कि 26 नवंबर से धर्मशाला में शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष सरकार को कई मुद्दों पर कटघरे में खड़ा करेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारी बरसात के दौरान आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को अभी तक अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी है, जिसे लेकर भाजपा सरकार से जवाब मांगेगी।उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर सरकार और राज्य चुनाव आयोग के बीच चल रहे मतभेदों को गंभीर बताते हुए कहा कि इससे प्रदेश में "संवैधानिक संकट" जैसा वातावरण बन गया है। शर्मा का कहना है कि सरकार चुनाव प्रक्रिया को टालने की कोशिश कर रही है, जिसे भाजपा पूरा मुद्दा बनाकर विधानसभा में उठाएगी। इसके अतिरिक्त प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गिरती गुणवत्ता जैसे मुद्दों पर भी विपक्ष व्यापक चर्चा की मांग करेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 4 दिसंबर को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में भाजपा एक बड़े विरोध प्रदर्शन का आयोजन करेगी।

# चिट्टा खरीदने आए युवक ग्रामीणों के हत्थे चढ़े, पिटाई के बाद बनाया मुर्गा

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



जिला हमीरपुर के नादौन थाना क्षेत्र के भूंपल इलाके में चिट्टा (हेरोइन) खरीदने पहुंचे युवकों को स्थानीय ग्रामीणों ने पकड़ लिया और आक्रोश में उन्हें मुर्गा बनाकर मारपीट की। ग्रामीणों की ओर से की गई पिटाई का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर दो युवक भूंपल क्षेत्र में चिट्टा खरीदने पहुंचे थे। ग्रामीणों को जैसे ही उनकी गतिविधियों पर संदेह हुआ, उन्होंने दोनों को घेरकर पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान युवकों ने स्वीकार किया कि वे नशा खरीदने आए थे। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों की पिटाई कर दी। बाद में वीडियो में दो और युवकों की मौजूदगी सामने आई, जिसके बाद कुल चार युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया।वायरल वीडियो की पुष्टि होते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच के दौरान चारों युवकों से 3.47 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

# हिमाचल सरकार ने आयोग को भेजा जवाब, फिलहाल नहीं हटेगा डिज़ास्टर एक्ट आदेश

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य निर्वाचन आयोग को भेजे गए पत्र का औपचारिक जवाब वापस भेज दिया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए डिज़ास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत 8 अक्तूबर 2025 को जारी आदेश को अभी वापस लेना संभव नहीं है। सरकार के अनुसार फिलहाल राज्य के कई क्षेत्रों में सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, पेयजल आपूर्ति योजनाएं बाधित हैं और विद्युत लाइनों के मरम्मत कार्य तेज़ी से जारी है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों का पूरा फोकस राहत एवं पुनर्वास कार्यों पर केंद्रित है। प्रभावित इलाक़ों में आवश्यक सेवाओं की बहाली, राहत सामग्री के वितरण और पुनर्निर्माण गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ज़रूरतमंदों तक सहायता बिना देरी पहुंचे। जनहित को ध्यान में रखते हुए डिज़ास्टर एक्ट के तहत जारी आदेश को अभी हटाना उचित नहीं होगा, क्योंकि इससे राहत कार्य बाधित हो सकते हैं। जैसे ही हालात सामान्य स्तर पर पहुंचेंगे और बुनियादी ढांचे की बहाली पूरी होगी, आदेश को वापस ले लिया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग का मत है कि प्रदेश में स्थितियां अब सामान्य हो चुकी हैं। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि कई जिलों में पारंपरिक मेले आयोजित हो रहे हैं, स्कूल नियमित रूप से संचालित हैं और सामान्य जनजीवन भी पटरी पर लौट आया है।

# मरीजों की सुविधाओं में सुधार प्राथमिकता, शिलाई अस्पताल में मंत्री ने लिया हालात का जायज़ा

समर न्यूज़ | सिरमौर


श्रम मंत्री हर्षवर्धन चौहान। -समर न्यूज़

शिलाई नागरिक अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोज़गार मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक से पूर्व मंत्री ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और उपस्थित चिकित्सकों से मुलाकात कर उपचार संबंधी आवश्यकताओं एवं संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर चल रही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायज़ा भी लिया। निरीक्षण के दौरान हर्षवर्धन चौहान ने 19 करोड़ की लागत से बन रहे 100 बिस्तरों वाले नए सिविल अस्पताल भवन के निर्माण कार्य की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिलाई क्षेत्र के लोग दूर-दराज़ से अस्पताल सेवाओं के लिए यहां आते हैं, इसलिए स्थानीय अस्पताल की सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा 6 सामान्य चिकित्सकों, 3 विशेषज्ञ डॉक्टरों और 11 स्टाफ नर्सों की नियुक्ति की गई है, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिली है। मंत्री ने बताया कि नया अस्पताल भवन जल्द ही पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा, जिसके बाद 100 बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे और स्टाफ की उपलब्धता को प्राथमिकता पर बढ़ाया जा रहा है, ताकि ग्रामीण जनता को उपचार के लिए दूर शहरों का रुख न करना पड़े। उन्होंने विश्वास जताया कि मजबूत स्वास्थ्य सेवाएं गांव के लोगों को आर्थिक तंगी के कारण उपचार से वंचित नहीं होने देंगी।

**ढांढस** | मामले की जांच पुलिस कर रही है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए

# सासन पहुंचे मंत्री विक्रमादित्य, रंजना के परिजनों को दिया संबल

अरविंद | हमीरपूर
समर न्यूज़

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज हमीरपुर जिले के सासन गांव पहुंचे, जहां उन्होंने मृतका रंजना के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। रंजना की निर्मम हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह, कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पिंदर वर्मा सहित जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। परिजनों द्वारा रखी गई मांगों पर मंत्री ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश जारी किए। उन्होंने मृतका रंजना के पति, जो लोक निर्माण विभाग में बेलदार के पद पर कार्यरत हैं, को नजदीकी डिवीजन में स्थानांतरित करने के आदेश दिए।

साथ ही रंजना के दिव्यांग बच्चे की देखभाल के लिए उनके पति को रोजाना कुछ घंटे की ड्यूटी से छूट देने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिए गए। विक्रमादित्य सिंह ने मृतका के बेटे से स्कूल में जाकर मुलाकात कर परिवार को आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशे से जुड़े अपराधों में वृद्धि चिंताजनक है और सरकार नशा उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल ही में इस दिशा में बड़े कदम उठाए हैं ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके।


लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह

ऊना गोलीकांड पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि मामले की जांच पुलिस कर रही है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में भी ऐसे कई मामले सामने आए थे, लेकिन वर्तमान सरकार आपराधिक गतिविधियों को सख्ती से रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

पंचायत चुनाव को लेकर कहा

पंचायत चुनाव को लेकर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कई दुर्गम क्षेत्रों में सड़क बहाली न होने के कारण चुनाव कराने में दिक्कतें आ रही हैं। जैसे ही सड़कें बहाल होंगी, राज्य सरकार और चुनाव आयोग मिलकर समयबद्ध तरीके से चुनाव करवाने की दिशा में कदम उठाएंगे।

इसके साथ ही मंत्री ने हमीरपुर में 127 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे आधुनिक बस अड्डे के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक बस अड्डा नहीं, बल्कि मल्टी-लेवल पार्किंग, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और कार्यालयों से युक्त एक आधुनिक मल्टी-कॉम्प्लेक्स होगा, जिसे निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एक रात में 2 कार चोर, 1 हथियार सप्लायर, एक शराब तस्कर और दो जुआरी पकड़े

## ▪ चोरी की कार, 32 पेटी अवैध शराब, 1 देशी पिस्टल, 4 हजार से ज्यादा कैश बरामद

समर न्यूज | पंचकूला



पंचकूला पुलिस ने देर रात पूरे शहर में नाइट डॉमिनेशन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस की टीमें लगातार सड़कों पर गश्त करती रहीं और हर नाके पर पूरी सतर्कता के साथ वाहनों की चैकिंग करती दिखीं। इस दौरान डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता, एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह, एसीपी विक्रम नेहरा और एसीपी दिनेश कुमार खुद रातभर फील्ड में मौजूद रहे। अधिकारी नाकों पर जाकर कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते रहे और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नज़र रखते रहे।

**▪ एल्टो कार चोरी कर भागे 2 चोरो को राइडर ने पीछा कर पकड़ा...**

इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक एक एल्टो कार चोरी करके भाग रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव होकर सभी वाहनो पर निगरानी शुरु कर कार की तलाश शुर कर दी। इस बीच ड्यूटी पर अलर्ट राइडर-6 पर तैनात सिपाही सुरेश व एसपीओ राजेश को संदिग्ध कार सड़क पर दिखाई दी तो उन्हे रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी कार भगा ले गए। दोनो ने तुरंत पीछा किया और बिना समय गंवाए सेक्टर-6 के सरकारी अस्पताल के पास दोनों को पकड़ लिया। कार भी मौके पर बरामद कर ली गई। पुलिस ने दोनों को सेक्टर-1 चौकी ले जाकर पूछताछ की और बाद में सेक्टर-7 थाना में चोरी का मामला दर्ज किया। पुलिस अब यह भी पता कर रही है कि क्या वे पहले भी किसी वारदात में शामिल रहे हैं।

## डिटेक्टिव स्टाफ ने अवैध पिस्टल के साथ युवक को किया गिरफ्तार

पंचकूला पुलिस की डिटेक्टिव स्टॉफ टीम ने बीती शाम न्यू डी.एल.एफ रोड रकबा भगवानपुर के पास रेड कर अनवर उर्फ अन्नु पुत्र सदरदीन वासी मस्जीद वाला जिला पंचकूला उम्र 24 साल को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा चैकिंग करने पर आरोपी से 1 देशी पिस्टल बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना पिंजौर मे आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आज आरोपी को कोर्ट में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ की जा रही है।

**▪ देर रात चैकिंग के दौरान 32 पेटी अवैध शराब पकड़ी...**

इसी बीच दूसरी ओर चल रही ड्रिंक एंड ड्राइव चैकिंग के दौरान पुलिस को एक और सफलता मिली। जलोली टोल प्लाजा के पास एक कार चालक पुलिस नाका देखकर तेज़ी से आगे निकलने लगा और नाका तोड़कर भागने की कोशिश की। लेकिन वहां मौजूद सिपाही कृष्ण कुमार और होमगार्ड किशन पहले से ही अलर्ट थे। दोनो से कार का पीछा किया, ड्राइवर वाहन को छोड़कर भाग गया, कार की तलाशी लेने पर 30 पेटी अवैध शराब मिली। पुलिस ने शराब और कार दोनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी प्रकार क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने भी चैकिंग के दौरान बलकार सिंह पुत्र देवी सिंह वासी इंदिरा कॉलोनी को देर रात गश्त के दौरान 2 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आबकारी अधिनियम के तहत थाना सैक्टर-14 मे मामला दर्ज किया है।

**▪ एक रात मे ड्रिंक एंड ड्राइव के 65 चालान काटे, 8 वाहन इंपाउंड भी किए...**

पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने रातभर शहर में नाइट चैकिंग अभियान चलाते हुए हर संदिग्ध वाहन चालक की एल्कोसेंसर से जांच की। इस दौरान नशे में गाड़ी चलाते पकड़े गए 65 लोगों के चालान काटे गए और 8 वाहनों को इंपाउंड किया गया। मौके पर मौजूद एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह लगातार लोगों से बात करते रहे और युवाओं को समझाते दिखे कि नशे में ड्राइविंग एक छोटी गलती नहीं, बल्कि जानलेवा खतरा है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान लोगों की जिंदगी बचाने के लिए चलाया जा रहा है और सभी से अपील है कि नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन बिल्कुल भी न चलाए और सुरक्षित घर लौटें।

**▪ पिंजौर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानो से सट्टा खेलते 2 गिरफ्तार...**

मढ़ावाला चौकी टीम ने बद्दी बॉर्डर के पास वर्मा कॉलोनी में सट्टा खिलाते हुए आरोपी शाहित अली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 2,350 रुपये नकद और सट्टेबाज़ी में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया।

इसी तरह पिंजौर थाना टीम ने नालागढ़ रोड स्थित एक स्कूल के पास सट्टा खिलाते हुए आरोपी राजेश कुमार को देर रात पकड़ा। पुलिस ने उससे 1720 रुपये नकद और जुआ खेलने के उपकरण बरामद किए। दोनों मामलों में पिंजौर थाना में जुआ अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# लिवासा हॉस्पिटल मोहाली ने 500 से ज्यादा सर्जरी पूरी की

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

लिवासा हॉस्पिटल, मोहाली ने गुरुवार को 500 से ज़्यादा न्यूरो-नेविगेशन गाइडेड सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी होने की घोषणा की। न्यूरो और स्पाइन सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. विनीत सग्गर ने बताया कि न्यूरो-नेविगेशन कैसे काम करता है और यह मॉडर्न न्यूरोसर्जिकल प्रैक्टिस के लिए एक जरूरी टूल क्यों बन गया है। उन्होंने कहा, "न्यूरो-नेविगेशन एक एडवांस्ड कंप्यूटर-गाइडेड सिस्टम है जो न्यूरोसर्जन को सर्जरी के दौरान बहुत सटीकता के साथ दिमाग और रीढ़ की हड्डी को देखने की सुविधा देता है। यह इंसानी नर्वस सिस्टम के लिए जीपीएस की तरह है, और यह सर्जनों को नाजुक स्ट्रक्चर को सटीकता से नेविगेट करने में मदद करने के लिए एमआरआई / सीटी -बेस्ड 3 डी मैप का इस्तेमाल करता है। डॉ. सग्गर ने आगे बताया कि यह टेक्नोलॉजी ब्रेन ट्यूमर, स्पाइनल की मुश्किल बीमारियों, गंभीर चोटों और दूसरी हाई-रिस्क न्यूरोसर्जिकल कंडीशन के इलाज के लिए बहुत जरूरी हो गई है, जिससे छोटे चीरे लगते हैं, टिशू में कम रुकावट आती है और रिकवरी जल्दी होती है। न्यूरोसर्जरी कंसल्टेंट डॉ. अजय सिंह ने आगे बताया कि 500 से ज़्यादा केस न्यूरोसर्जरी, एनेस्थीसिया, रेडियोलॉजी, ऑपरेटिंग थिएटर टीम, नर्सिंग यूनिट और क्रिटिकल केयर में मिलकर की गई कोशिश का नतीजा है। लिवासा हॉस्पिटल्स के सीईओ अनुराग यादव ने कहा, यह माइलस्टोन हमारी टीमों की कामयाबी है जो हर दिन लगन और विनम्रता से काम करती हैं।

लिवासा हॉस्पिटल मोहाली के वीपी ऑपरेशन डॉ. अमरप्रीत सिंह ने कहा, इस स्टेज तक पहुंचना सिर्फ़ मिलकर काम करने वाली टीमवर्क और पेशेंट-फर्स्ट वैल्यूज़ वाले कल्चर की वजह से ही मुमकिन हो पाया है। हम अपने सिस्टम को मजबूत करते रहेंगे और ऐसी क्षमताओं में इन्वेस्ट करते रहेंगे जिनसे कम्युनिटी को फायदा हो।

# सेक्टर-17 थाना कड़ी सुरक्षा के घेरे में, निजी वाहनों की एंट्री बंद



समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सेक्टर-17 थाने में सुरक्षा इंतज़ाम अचानक सख्त कर दिए गए हैं। थाने के बाहर वाली पार्किंग बंद कर दी गई है और परिसर में निजी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह रोक दिया गया है। मुख्य और आंतरिक दोनों द्वारों पर अब 24 घंटे पुलिस संतरी तैनात रहेगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कदम किसी ताज़ा धमकी के कारण नहीं, बल्कि सतर्कता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि, इससे पहले शहर के कुछ थानों को बम धमाके की चेतावनी मिल चुकी है, जिसके चलते सुरक्षा चक्र को और मजबूत बनाना ज़रूरी समझा गया। सूत्रों के अनुसार यह व्यवस्था उच्च स्तर से मिले मौखिक निर्देशों के बाद लागू की गई है। नई गाइडलाइन के तहत थाने में आने वाले हर व्यक्ति को पहले संतरी को अपनी पहचान बतानी होगी। थाने के सामने स्थित पार्किंग एरिया को बैरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया गया है ताकि अनियंत्रित आवाजाही पर रोक लग सके। पहले की तुलना में अब थाने के आसपास लगातार पुलिस बल मौजूद रहेगा, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नज़र रखी जा सके। पुलिस प्रशासन का मानना है कि यह कदम न केवल सुरक्षा को पुख्ता करेगा, बल्कि थाने की निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत बनाएगा।

## ▪ हेल्दी फूड, हेल्दी लाइफ़ विषय पर खालसा कॉलेज मोहाली में हुआ सेमिनार

# खुशी जैसी कोई भी खुराक नहीं होती: गुलजार कौर

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

खुशी जैसी कोई खुराक नहीं होती। अगर आप खुश रहेंगे तो ज़्यादा जिएंगे, और अगर दुखी रहेंगे तो उम्र घटेगी। ये प्रेरणादायक विचार तंदुरुस्ती कोच और पोषण सलाहकार गुलज़ार कौर ने खालसा कॉलेज, मोहाली में आयोजित हेल्दी फूड, हेल्दी लाइफ विषय पर सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रकट किए। उन्होंने कहा कि जिसके पास स्वास्थ्य नहीं है, वह दुनिया का सबसे गरीब व्यक्ति है। चाहे उसके घर के आगे कितनी भी महंगी गाड़ियां क्यों न खड़ी हों। अगर कोई व्यक्ति सेहत की कीमत पर पैसा कमा भी लेता है, तो उस धन का क्या उपयोग जब जीवन ही अस्वस्थ हो जाए?इस अवसर पर गुलज़ार कौर ने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि किस समय, कितना और किस मात्रा में भोजन करना चाहिए ताकि शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहें।

सेमिनार के दौरान प्रसिद्ध समाजसेवी कपिल शर्मा ने विद्यार्थियों को जंक फूड से दूरी बनाने और पौष्टिक भोजन की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सेशन के दौरान पूछे गए स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।कुल पांच विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी 2500 का इनाम प्रदान किया गया। मोटिवेशनल स्पीकर हरदीप कौर ने इस मौके पर खालसा कॉलेज की प्रिंसिपल मैडम हरीश कुमारी का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे सेमिनार आज के समय की सबसे बड़ी ज़रूरत हैं, क्योंकि विद्यार्थियों की जीवनशैली पर खान-पान की आदतों का गहरा प्रभाव पड़ता है। अगर भोजन साफ़-सुथरा और हेल्दी होगा, तभी एक स्वस्थ और विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।सेमिनार के अंत में कॉलेज प्रबंधन की ओर से अतिथियों को फुलकारी और पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।

## • प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर बैठक का आयोजन

# हरियाणा देशभर में चौथे स्थान पर पहुंचा

समर न्यूज़ | पंचकूला



विकसित भारत-2047 की परिकल्पना के तहत भारत सरकार ने देश में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए 1 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना लागू की है जिसके तहत 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजन के लिए लगभग 1 लाख करोड़ रूपए की प्रोत्साहन राशि रोजगार प्रादाताओं एवं रोजगार प्राप्तकर्ताओं को प्रदान की जाएगी। इस योजना के त्वतरित कार्यान्वयन के दृष्टिगत हरियाणा राज्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़कर देशभर में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। हरियाणा श्रम तथा युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन की अध्यक्षता में आज इस योजना की जागरूकता के लिए कौशल भवन, पंचकूला में रोजगार मेले लगाने वाले तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, रोजगार विभाग, कौशल विभाग के अधिकारियों तथा आई.टी. आई. के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक का आयोजन हुआ। प्रधान सचिव राजीव रंजन ने बताया कि इस योजना की संरचना में 2 मुख्य भाग है जिसमें यदि नये कर्मचारी ने ईपीएफओ 1 अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच पंजीकरण किया हो, मासिक वेतन एक लाख रूपए से कम हो, ऐसे नये कर्मचारी को 15,000 रूपये तक 'कर्मचारी भविष्य निधि' में अतिरिक्त भत्ता दो किस्तों में भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दूसरी किस्त वित्तीय साक्षरता कार्यकम से जुड़ी होगी। इस स्कीम में लाभ प्राप्त करने के लिए कर्मचारी को एक प्रतिष्ठान में 12 महीने $ सारक्षता मॉडयूल पूरा होना अनिवार्य है। रोजगार प्रादाताओं प्रतिष्ठान को लाभ प्राप्त करने के लिए 'कर्मचारी भविष्य निधि संगठन' में पंजीकृत होना चाहिए। यदि प्रतिष्ठान में 50 श्रमिकों से कम संख्या है तो दो या इससे अधिक पद सृजित करना तथा प्रतिष्ठान में यदि 50 से अधिक श्रमिकों की संख्या है तो पांच या उससे अधिक पद सजृत कर सकते हैं। इस योजना में प्रतिष्ठान को 3000 रूपये तक प्रति कर्मचारी प्रति मास की प्रोत्साहन राशि 2 वर्ष के लिए प्रदान की जायेगी। निर्माण क्षेत्र में यह लाभ दो वर्ष की अपेक्षा चार वर्ष तक दिया जाएगा। इस योजना में आवेदन लिए श्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा pm-vbry.epfindia.gon.in / pmvb-ry.labour.gov.in पोर्टल बनाया गया है। प्रधान सचिव ने जानकारी दी कि यदि किसी प्रतिष्ठान में किसी भी कारण से ई.पी.एफ. के रिर्टन आज तक भी नही भरी है और वह इस योजना का लाभ लेने का इच्छुक है, तो ई.पी.एफ. की पुरानी रिर्टन भरने पर उस पर कोई भी पैनल्टी नहीं लगाई जाएगी। यह योजना रोजगार प्रोत्साहन के क्षेत्र में अभी तक की सर्वश्रेष्ठ योजना है।

# पंचकूला में सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने की सख्ती, ई-रिक्शा संचालन होगा नियमबद्ध

समर न्यूज़ | पंचकूला



उपायुक्त सतपाल शर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए निर्देश दिए कि पंचकूला में कोई भी ई-रिक्शा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन न करे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियम तोड़ने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त लघु सचिवालय सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर अंडर ऐज बच्चे ई-रिक्शा चलाते पाए गए हैं, जो दुर्घटना की आशंका को बढ़ाता है। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर ई-रिक्शा संचालन को नियमबद्ध करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में सीसीटीवी कैमरों की भूमिका पर जोर देते हुए नगर निगम को निर्देश दिया कि शहर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में हों। वर्तमान में पंचकूला में 473 कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने आगामी दिनों में धुंध की संभावना को देखते हुए पीएमडीएम, शहरी स्थानीय निकाय, एचएसआईआईडीसी, कृषि विपणन बोर्ड, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी और एचएसवीपी सहित सभी एजेंसियों को सड़क निर्माण व मरम्मत के दौरान सुरक्षा मानकों की अनिवार्य अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष ट्रेनों का संचालन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

भारतीय रेल श्री गुरु तेग बहादुर जी सिखों के नौवें गुरु, तथा हिंद दी चादर की पावन शहादत को नमन करते हुए विशेष ट्रेनों की एक श्रृंखला चलाने जा रही है। यह सूचना देते हुए रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की सर्वोच्च शहादत सत्य, न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का अमर संदेश है। भारतीय रेल इस पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा को सहज, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए कृत-संकल्पित है। रवनीत सिंह ने बताया कि भारतीय रेल श्री आनन्दपुर साहिब और दिल्ली की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो विशेष ट्रेन सेवाओं का संचालन करेगी। ये ट्रेनें बड़े पैमाने पर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए अधिकतम सुविधा और सहजता सुनिश्चित करेंगी।

## • पंजाब से राह भटककर पिंजौर पहुंची 84 वर्षीय महिला

# पुलिस ने सुरक्षित परिवार से मिलाया



समर न्यूज़ | पंचकूला

पंजाब के डेराबस्सी इलाके से एक 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला रास्ता भटककर अचानक पिंजौर क्षेत्र में पहुंच गई। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अपने घर या परिवार से जुड़ा कोई भी विवरण बताने में असमर्थ थी। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू सिंह के संज्ञान में मामला आते ही उन्होन तुरंत महिला को संरक्षण में लेकर थाना पहुंचाया और उससे बात कर उसकी पहचान जानने की कोशिश की।

महिला के कुछ न बता पाने पर सब इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह ने बुजुर्ग महिला की फोटो और जानकारी सभी संबंधित व्हाट्सऐप ग्रुपों, स्थानीय नेटवर्क और पुलिस चैनलों में साझा की। कुछ ही समय में डेराबस्सी क्षेत्र में रहने वाले महिला के परिजनों तक यह सूचना पहुंच गई। परिजन तुरंत पिंजौर के लिए रवाना हुए और रात करीब 10:30 बजे थाना पहुंचे, जहां पिंजौर पुलिस टीम ने औपचारिक सत्यापन के बाद बुजुर्ग महिला को सुरक्षित उनके परिवार के हवाले कर दिया। परिजनों ने पुलिस द्वारा दिखाए गए संवेदनशील व्यवहार, तत्परतापूर्ण प्रयास और मानवीयता के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन ने भी आश्वस्त किया कि ऐसे मामलों में जनता की सुरक्षा और सहायता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## रोजाना आने-जाने वाले यात्रियों की बढ़ी परेशानी

# नंगल डैम–अंबाला रूट की दोनों पैसेंजर ट्रेनें 30 नवंबर तक रद्द

समर न्यूज़ | मोहाली



रेलवे ने नंगल डैम से चंडीगढ़-मोहाली होते हुए अंबाला तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को अगले 10 दिनों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। इस फैसले से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। भरतगढ़ से आनंदपुर साहिब और मोहाली से चंडीगढ़ के बीच ट्रैक पर इंटरलॉकिंग से जुड़ा मेंटेनेंस कार्य चलने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

नंगल डैम–अंबाला अप ट्रेन हर रोज सुबह 10:45 बजे नंगल डैम से रवाना होकर रोपड़, कुराली, मोहाली और चंडीगढ़ के रास्ते दोपहर 2:20 बजे अंबाला पहुंचती थी। बड़ी संख्या में यात्री नियमित रूप से इस ट्रेन का उपयोग करते हैं।

इसी तरह, अंबाला–नंगल डैम डाउन ट्रेन सुबह 11:35 बजे अंबाला से चलकर राजपुरा, सरहिंद, फतेहगढ़ साहिब और मोरिंडा के रास्ते दोपहर 1:27 बजे कुराली पहुंचती थी, जहां से आगे रोपड़ और श्री आनंदपुर साहिब होते हुए यह दोपहर 3:20 बजे नंगल डैम पहुंचती थी।

इन ट्रेनों में छात्र, व्यापारी और अन्य नियमित यात्री बड़ी संख्या में सफर करते हैं, इसलिए इनके रद्द होने से लोगों को परेशानी होगी। रेलवे ने 30 नवंबर तक इन दोनों ट्रेनों को रद्द रखने का आदेश जारी किया है।

# स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने सिविल अस्पताल का किया दौरा

## ▪ आयुष्मान भारत सर्जिकल कैंप के चौथे दिन आज कुल 31 सर्जरी हुई

समर न्यूज़ | पंचकूला



हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने आज सिविल अस्पताल, पंचकूला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ईएनटी, नेत्र, आर्थोपेडिक एवं स्त्री रोग विभागों में उपचाराधीन मरीजों से बातचीत की तथा आयुष्मान भारत/चिरायु योजना के प्रति मरीजों का फीडबैक लिया। सरकार द्वारा निर्देशित आयुष्मान भारत सर्जिकल कैंप सप्ताह 22 नवम्बर 2025 तक प्रदेश-भर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होने कैंप के दौरान की जा रही सर्जरी और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर सुधीर राजपाल ने सभी लाभार्थियों को पौष्टिक किट भी वितरित की। कैंप के दौरान अब तक विभिन्न विभागों में कुल 88 सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गई हैं। इस मौके पर आज चौथे दिन विभिन्न विभागों में कुल 31 सर्जरी सम्पन्न हुई। इसमें जनरल सर्जरी 8, ईएनटी विभाग की 2 सर्जरी, नेत्र विभाग की 9 सर्जरी, आर्थोपेडिक की 2 सर्जरी और स्त्री एवं प्रसूति रोग की 10 सर्जरी शामिल हैं।

# एक्ट्रेस सोनम कपूर दूसरी बार बनने जा रही हैं मां, बॉलीवुड हस्तियों ने दी बधाई




**मुंबई**। बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने फैंस को एक बड़ी खुशखबरी दी है। गुरुवार को उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कर अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के बारे में बताया। तस्वीरों में वह बेबी बंप फ्लॉन्ट करते पोज दे रही हैं। इस पोस्ट को देखने के बाद फैंस और फिल्मी हस्तियों ने उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया।

सोनम कपूर के इंस्टाग्राम पोस्ट में बेबी बंप साफ नजर आ रहा है। उन्होंने हॉट-पिंक वूलन सूट पहना है। इसमें बड़े पैडेड शोल्डर और सॉफ्ट कर्व वाले डिजाइन हैं। इस लुक में उनका अंदाज बेहद स्टाइलिश और ग्लैमरस लग रहा है। खास बात यह है कि उन्होंने इस पोस्ट के कैप्शन में सिर्फ एक शब्द 'मां' लिखा। इस छोटे से शब्द ने उनके फैंस के दिलों में खुशी की लहर दौड़ा दी। सोनम कपूर के इस पोस्ट पर बॉलीवुड और इंडस्ट्री के कई सितारों ने उन्हें बधाइयां देनी शुरू कर दी।

करीना कपूर ने कमेंट्स पर लिखा, 'सोना और आनंद,'

प्रियंका चोपड़ा ने लिखा, 'बधाई हो।'वहीं परिणीति चोपड़ा ने लिखा, 'शुभकामनाएं इस अनमोल पलों की।'भूमि पेडनेकर और हाल ही में मां बनीं पत्रलेखा ने भी प्यारा सा इमोजी भेजकर सोनम को उनके दूसरे बच्चे के आगमन की शुभकामनाएं दी। इस पोस्ट पर सबसे मजेदार कमेंट उनके पति आनंद आहूजा ने किया, उन्होंने लिखा, 'डबल ट्रबल'। सोनम और आनंद ने कई साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद मई 2018 में शादी की। शादी के बाद साल 2022 में उन्होंने पहले बच्चे का स्वागत किया, जिसका नाम उन्होंने वायु रखा। अब तीन साल बाद यह कपल फिर से माता-पिता बनने वाले हैं।

गौरतलब है कि सोनम ने इन दिनों फिल्मों से दूरी बनाई हुई है, लेकिन वह अपने फैशन और स्टाइल के जरिए फैंस के बीच हमेशा चर्चा में बनी रहती है।





# आज की रात' गाने पर रानी चटर्जी ने किया जबरदस्त डांस

**मुंबई**। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान पूरी तरह अपनी ओर खींचा। इस वीडियो में रानी चटर्जी बॉलीवुड की हिट फिल्म 'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' पर शानदार डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में रानी चटर्जी ने गाने के हर स्टेप और मूव को उसी अंदाज में किया है, जिस तरह एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने फिल्म में किया था। सोशल मीडिया पर फैंस ने रानी चटर्जी के इस डांस को देखकर उन्हें 'भोजपुरी की तमन्ना भाटिया' का टैग देना शुरू कर दिया। वीडियो में रानी चटर्जी 'आज की रात' गाने पर जबरदस्त डांसिंग स्किल्स दिखाती नजर आ रही हैं। वीडियो में वह ब्लैक कलर की आउटफिट में नजर आ रही हैं और गाने के हर बीट पर एनर्जी से भरे स्टेप्स कर रही हैं। उनके डांस मूव्स इतने परफेक्ट हैं कि यह बिल्कुल उसी तरह लग रहा है, जैसे तमन्ना भाटिया ने इस गाने में किया था। लोग उनके डांस के दीवाने हो गए।

रानी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'आज की रील का मजा लीजिए।'

सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट होते ही रानी चटर्जी के फैंस ने कमेंट्स की बौछार लगा दी। लोग उनके डांस की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

एक फैन ने कमेंट में लिखा, 'रानी, आप भोजपुरी की तमन्ना भाटिया हैं।' दूसरे फैन ने लिखा, 'आपने गाने के हर मूव को बहुत ही खूबसूरती से किया है।' वहीं कुछ ने कमेंट के जरिए उनसे बॉलीवुड के गानों पर ज्यादा रील बनाने की अपील की।

'आज की रात' गाना फिल्म 'स्त्री 2' से लिया गया है। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अभिषेक बनर्जी, पंकज त्रिपाठी, तमन्ना भाटिया और अपारशक्ति खुराना अहम किरदार में हैं। गाने को मधुबंती बागची और दिव्या कुमार ने गाया है और म्यूजिक कंपोजर सचिन-जिगर ने तैयार किया है।

# अंडर-19 विश्व कपः भारत-पाक के बीच लीग स्टेज में नहीं होगा मुकाबला

**नई दिल्ली**। आईसीसी ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में विश्व कप 15 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक खेला जाएगा। कुल 16 टीमों के बीच 41 मुकाबले खेले जाएंगे। आईसीसी के घोषित कार्यक्रम के मुताबिक लीग स्टेज में भारत और पाकिस्तान आमने-सामने नहीं होंगे। आईसीसी ने 16 टीमों को 4-4 के ग्रुप में विभाजित




किया है। भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। इस वजह से लीग स्टेज में दोनों टीमें आपस में नहीं भिड़ेंगी। अक्सर आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत और पाकिस्तान के मैच लीग स्टेज में कराए जाते हैं। इससे टूर्नामेंट का रोमांच बढ़ता है, लेकिन आईसीसी ने इस बार भारत और पाकिस्तान को एक ग्रुप में न रखकर लीग स्टेज में भिड़ंत के रोमांच को ही समाप्त कर दिया है। एशिया कप 2025 (सीनियर) में भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल सहित तीन मैच हुए थे। मैचों के दौरान दोनों देशों के कप्तानों और खिलाड़ियों के बीच हैंड शेक नहीं हुआ था। इससे स्पष्ट है कि दोनों देशों के बीच क्रिकेट के मैदान पर भी स्थिति सामान्य नहीं है। इसलिए ऐसी किसी भी असामान्य स्थिति से बचने के लिए आईसीसी ने अंडर-19 विश्व कप में दोनों टीमों को अलग-अलग ग्रुप में रखा है।

# डेफलिंपिक्स 2025 : महित संधू ने जीता तीसरा मेडल


**नई दिल्ली**। महित संधू का डेफलिंपिक्स 2025 में शानदार प्रदर्शन जारी है। संधू ने 50 मीटर प्रोन इवेंट में सिल्वर जीता। टोक्यो में चल रहे डेफलिंपिक्स 2025 में निशानेबाजी में उनका तीसरा पदक है। संधू ने फाइनल तक के अपने सफर में क्वालिफिकेशन में वर्ल्ड डेफ रिकॉर्ड भी तोड़ा। फाइनल में 246.1 का स्कोर करके उन्होंने सिल्वर मेडल जीता। महित को फाइनल में एलिस्का स्वोबोडोवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। स्वोबोडोवा ने 247.2 के स्कोर के साथ गोल्ड जीता। हंगरी की मीरा जुजाना बियातोव्स्की ने 225.0 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। दूसरी भारतीय शूटर नताशा जोशी शूट-ऑफ के बाद आठवें स्थान पर रहीं।




फाइनल में, महित 14 शॉट पूरे करने के बाद चौथे स्थान पर थीं। अगले दो शॉट्स की सीरीज के बाद वह ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहीं, उन्होंने यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा को हराया और 20 शॉट्स पूरे होने तक उसी पोजीशन पर रहीं। इसके बाद माहित ने अगली सीरीज में 9.8 और 10.2 का स्कोर किया, लेकिन हंगेरियन शूटर के 9.4 और 9.8 के स्कोर ने पक्का कर दिया कि भारतीय सिल्वर पोजीशन पर पहुंच गईं। माहित ने फिर 10.0 और 10.7 के स्कोर के साथ फाइनल खत्म किया। चेक निशानेबाज स्वोबोडोवा ने अपने आखिरी दो शॉट 10 सेकंड में मारकर गोल्ड पर कब्जा जमाया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में, माहित ने नया डेफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया और छह सीरीज को 619.7 के स्कोर के साथ खत्म किया, जबकि नताशा जोशी ने 611.6 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

# विश्व मुक्केबाजी फाइनलः मीनाक्षी, अरुंधति, प्रीति, और नूपुर ने जीता स्वर्ण पदक

**ग्रेटर नोएडा**। विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में महिला मुक्केबाजों ने देश के लिए चार स्वर्ण पदक जीते हैं। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को खेले गए अलग-अलग भार वर्ग के फाइनल मुकाबलों में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने चार स्वर्ण जीते। सबसे पहला स्वर्ण मीनाक्षी हुड्डा ने जीता। मीनाक्षी ने 48 किग्रा फाइनल में फोजिलोवा फरजोना को 5-0 से हराया। जीत के बाद बेहद उत्साहित मीनाक्षी ने कहा, "मैं बहुत खुश हूं। मैं अपने कोच विजय हुड्डा को मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं आईटीबीपी, साई, ओजीक्यू और बीएफआई को भी धन्यवाद देना चाहती हूं। घरेलू दर्शकों ने मेरा हौसला बढ़ाया। इससे मुझे स्वर्ण पदक जीतने में मदद मिली। फाइनल से पहले मैं नर्वस थी, लेकिन जब




मैंने बड़ी संख्या में होम सपोर्टर्स को देखा, तो मुझे मोटिवेशन मिला और मैंने बाउट 5-0 से जीत ली। यह मेरा सबसे अच्छा साल है, और मैं कड़ी मेहनत करते हुए देश को गर्व महसूस कराना चाहती हूं।"प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में इटली की सिरीन चाराबी को 5-0 से हराया। अरुंधति चौधरी ने महिलाओं के 70 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की जोकिरोवा अजीजा को 5-0 से हराया। नूपुर ने 80+ किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की सोटिम्बोएवा ओल्टिनोय पर 5-0 से जीत के साथ देश के लिए दिन का चौथा स्वर्ण जीता।

जीत के बाद अरुंधति चौधरी ने कहा, "यह बहुत मुश्किल था। मैं इसे शब्दों में बयां भी नहीं कर सकती। पिछले डेढ़ साल से मैं बहुत ज्यादा तनाव में थी। स्वर्ण पदक जीतकर अच्छा लग रहा है।" नूपुर ने जीत के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछली बार जब मैंने रजत पदक जीता था, उसी समय स्वर्ण पदक जीतने का दावा किया था। उस समय मुझे ट्रोल किया गया था।

# एशेज 2025-26: फैंस रोमांचित, पांचों टेस्ट के पहले दिन के टिकट बिके

**नई दिल्ली** । ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की रोमांचक एशेज सीरीज का आगाज शुक्रवार से पर्थ में हो रहा है। फैंस सीरीज को लेकर बेहद रोमांचित हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक सभी पांच टेस्ट मैचों के पहले दिन के टिकट बिक गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक पर्थ टेस्ट के लिए, दूसरे और तीसरे दिन के टिकट तेजी से बिक रहे हैं, जबकि चौथे दिन के लिए अच्छी अवेलेबिलिटी है। दूसरा टेस्ट 4 दिसंबर से ब्रिसबेन में खेला जाएगा। ब्रिसबेन टेस्ट के पहले तीन दिन के टिकट बिक चुके हैं। चौथे दिन के टिकट तेजी से बिक रहे हैं। तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। तीसरे टेस्ट के पहले तीन दिन के टिकट भी बिक चुके हैं।

चौथा टेस्ट मेलबर्न में 26 दिसंबर से खेला जाएगा। मेलबर्न टेस्ट के पहले दो दिनों के टिकट बिक चुके हैं। तीसरे दिन के लिए बहुत कम टिकट बचे हुए हैं। चौथे दिन के लिए भी टिकट बिक रहे हैं।

पांचवां टेस्ट 4 जनवरी 2026 से सिडनी में खेला जाएगा। सिडनी टेस्ट के पहले चार दिनों के टिकट बिक चुके हैं।




सभी पांच टेस्ट के लिए, पांचवें दिन के टिकट मैच की स्थिति के आधार पर दिए जाएंगे।

पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है।

ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग इलेवनः उस्मान ख्वाजा, जेक वेदरल्ड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड, ब्रेंडन डॉगेट

इंग्लैंड ने पहले टेस्ट के लिए 12 खिलाड़ियों का ऐलान किया है। प्लेइंग इलेवन का ऐलान टॉस के समय होगा।

इंग्लैंड का 12 सदस्यीय स्क्वाडः बेन डकेट, जैक क्रॉली, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, मार्क वुड, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।

# वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने की महान ब्रायन लारा की बराबरी

**नई दिल्ली**। वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच नेपियर में वनडे सीरीज का दूसरा मैच खेला गया। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने इस मैच में शतक लगाते हुए महान बल्लेबाज ब्रायन लारा के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए मुकाबले में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शाई होप ने 69 गेंद पर 4 छक्कों और 13 चौकों की मदद से नाबाद 109 रन की पारी खेली। होप के वनडे करियर का यह 19वां शतक था। इस शतक के साथ ही होप ने ब्रायन लारा द्वारा वेस्टइंडीज के लिए वनडे में लगाए 19 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। साथ ही वनडे क्रिकेट में अपने 6,000 रन भी पूरे कर लिए। शतकीय पारी के लिए होप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, लेकिन वेस्टइंडीज यह मुकाबला 5 विकेट से हार गई। वेस्टइंडीज के लिए वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में होप ब्रायन लारा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर आ गए हैं। 25 शतक के साथ क्रिस गेल पहले स्थान पर हैं।



शाई होप ने 2016 से 2019 के बीच खेले 147 वनडे मैचों की 142 पारियों में 22 बार नाबाद रहते हुए 19 शतक और 30 अर्धशतक की मदद से 6,097 रन बनाए हैं। होप का औसत 50.80 है। उनका सर्वाधिक स्कोर 170 रन है।

ब्रायन लारा ने 1990 से 2007 के बीच 299 मैचों की 289 पारियों में 32 बार नाबाद रहते हुए 19 शतक और 63 अर्धशतक की मदद से 10,405 रन बनाए हैं। लारा का औसत 40.48 और सर्वाधिक स्कोर 169 रन है।

क्रिस गेल वेस्टइंडीज की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। 1999 से 2019 के बीच 301 वनडे मैचों की 294 पारियों में 17 बार नाबाद रहते हुए 25 शतक, जिसमें 1 दोहरा शतक भी है, और 54 अर्धशतक की मदद से 10,480 रन बनाए हैं। गेल का औसत 37.83 रहा है।

# संकट में लुधियाना इंडस्ट्रीः लेबर की 60 प्रतिशत तक कमी से साइकिल उद्योग का कारोबार घटा

- पंजाब से लेबर का पलायन तेज, ओवरटाइम से मजदूरों का इंकार, पंजाब की स्थानीय लेबर विदेश रवाना

साक्षी शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़



बिना लेबर के खाली पड़ी फैक्ट्री। -समर न्यूज़

उद्योग का हब कहने वाले लुधियाना को आज बहुत मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। आज के समय में देखा जा रहा है कि कहीं पर लेबर की कमी तो कहीं पर कुछ और वजह से इंडस्ट्री प्रभावित चल रही है।



अवतार सिंह भोगल

जिस कारण कारोबार आगे नहीं बढ़ रहा। इसको लेकर समर एक्सप्रेस की रिपोर्टर ने एक साइकिल इंडस्ट्री के मालिक अवतार सिंह भोगल से बातचीत की गई। इस दौरान अवतार सिंह भोगल ने बताया कि साइकिल उद्योग 50 प्रतिशत तक घट चुका है। इसका कारण यह भी है कि साइकिल उद्योग के लिए कोई ऑर्डर नहीं आ रहे अगर आर्डर आते भी हैं तो लेबर की कमी बहुत है। भोगल ने कहा कि जो पंजाब की लेबर थी वो तो विदेशों में चली गई और जो देश के अलग अलग हिस्सों से आती थी जैसे हिमाचल, यूपी, बिहार, बंगाल और यहां तक मदरास के इलाकों से भी आती थी वह अब जाकर वापिस नहीं आ रही। उनका कहना है जब मजदूरों को पैसे मिलते हैं तभी उनके साथ लूट की वारदातें हो जाती है। और ऐसे में अपना घर छोड़कर कहीं दूसरी जगह काम करने से कोई खास मुनाफा नहीं होता। इसके अलावा वहां की सरकार ने भी अपनी लेबर को विशेष मुनाफा देना शुरू कर दिया है जिस कारण वह अपने घरों में ही काम करने लग गए। लुधियाना की लगभग सभी इंडस्ट्रियों में 50 से 60 प्रतिशत तक लेबर की कमी है। भोगल ने कहा कि मार्केट की बात करें तो पहले तो कारोबारियों को ऑर्डर नहीं आ रहा दूसरा अगर ऑर्डर आता भी है तो उसे पूरा करने में काफी दिक्कत आ रही है। इसका कारण ये भी है कि अगर लेबर को ओवरटाइम लगाने के लिए कह भी देते हैं तो वह ओवरटाइम लगाने के लिए मना कर देते हैं। यदि कोई लेबर काम करती भी है तो जब उसे पैसे मिलते हैं तो उसके साथ कभी कभी लूट भी हो जाती है। अवतार सिंह भोगल ने बताया कि इस बात को लेकर कई बार हमने पुलिस अधिकारियों से भी बात करी है लेकिन इस समस्या का कोई बेहतर समाधान नहीं निकल पाया है। इस बात को लेकर उन्होंने बयान दिया कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने इस समस्या का बड़ी बेहतरी से हल निकाला है। इस कारण वहां के लोग वहीं अपने घर परिवार के साथ काम करके बहुत खुश हैं और कई लोगों के लिए समस्या भी है। क्योंकि वह वहां तो कोई शरारत कर नहीं सकते और वह यहां काम करने के लिए आ गए। शक के आधार पर हमने इस बात को लेकर भी प्रशासन से बात की थी। उनकी तरफ से कहा गया था कि आप हमें अपनी लेबर के आधार कार्ड और सभी आईडी प्रूफ भेजें और हम आपको ट्रेस करके बताएंगे। हमने सारी फाइलें उनको भेज दी लेकिन आज तक कोई भी फीडबैक नहीं आया। भोगल ने इस बात की भी पुष्टि की तो आगे से प्रशासन ने कहा कि हमारे पास भी अधिकारी और फोर्स की कमी है तब हम चुपचाप बैठ जाते हैं। हमने इस मसले को लेकर प्रशासन से कहा कि यदि आप हमारी हैल्प करोगे तो तभी तो कारोबार बढ़ेगा यदि कारोबार बढ़ेगा तो आपको रवेन्यू जाएगा। रवेन्यू जाएगा तो आपको सैलरियां मिलेंगी। हम नई भर्ती करते हैं लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं। कुल मिलाकर इंडस्ट्री को बुरे हालातों से गुजरना पड़ रहा है। जीएसटी को लेकर भी सरकार से सभी कारोबारी परेशान है। बात करें इंडस्ट्री की तो ज्यादातर कारोबारी बैंक से पैसा लेकर अपना कारोबार चलाते हैं। जब उन्होंने बैंक से पैसा ले लिया तो उसका ब्याज भी उन्हें टाइम से चुकाना है ऐसे में जो सरकार की रिफंड पॉलिसी है वो रिफंड पैसा 5 से 6 महीने तक नहीं आता जिस कारण कारोबारियों को दोनों तरफ नुकसान उठाना पड़ता है।

## किसानों के लिए आपातकालीन सेवाओं का विस्तार बेहद महत्वपूर्ण कदमः संदीप एन महात्मे



समर न्यूज़ | लुधियाना

मत्स्य पालन पशुपालन एवं डेयरी मंत्री के निजी सचिव संदीप एन महात्मे ने मंगलवार को गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी का दौरा किया। वाइस चांसलर डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल ने उन्हें विश्वविद्यालय में चल रही शिक्षण, शोध और विस्तार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। महात्मे ने विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों, उन्नत प्रयोगशालाओं, भ्रूण स्थानांतरण प्रौद्योगिकी लैब, मत्स्य पालन एवं डेयरी फार्मों का निरीक्षण किया। वैज्ञानिकों ने उन्हें नस्ल सुधार तकनीकों, दूध-मांस-मछली प्रसंस्करण में हो रहे नवाचार और पशुपालन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए अपनाई जा रही नई पहलों से अवगत कराया।

उन्होंने बहु विशिष्ट पशु चिकित्सा अस्पताल में उपलब्ध उपचार सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के लिए आपातकालीन सेवाओं का विस्तार बेहद महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान डॉ. गिल ने बताया कि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र और क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण, प्रदर्शनियों और पशु स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लगातार किसानों तक तकनीक पहुंचा रहे हैं। पूरे दौरे में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे, जिन्होंने पशु स्वास्थ्य, उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने को लेकर विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। महात्मे ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए पशुधन विकास, किसानों के कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता से जुड़ी पहलों के लिए लगातार सहयोग का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब के कुछ व्यावसायिक डेयरी फार्मों का भी निरीक्षण किया और कहा कि डेयरी फार्मिंग में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

## जीजा से 10 लाख की रंगदारी मांगने पर साला सहित एक आरोपी पकड़ा

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

जगराओं में जीजा से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में शिकायतकर्ता का साला जसवीर सिंह और उसका साथी वीरपाल सिंह उर्फ पाल शामिल हैं। दोनों को वारदात के करीब 20 दिन बाद पुलिस ने दबोचा। इससे पहले पुलिस जुगराज सिंह और कुलविंदर सिंह को गिरफ्तार कर चुकी थी। जांच अधिकारी एएसआई सुरिंदर सिंह ने बताया कि पहले पकड़े गए आरोपी राजवीर सिंह ने पूछताछ में खुलासा किया था कि वारदात में इस्तेमाल पिस्तौल उसने एक परिचित से उधार ली थी। पुलिस ने हथियार बरामद कर लिया है और उसे उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को भी नामजद किया जा रहा है। शिकायतकर्ता नरिंदर सिंह, निवासी गांव बडैच, ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात स्कॉर्पियो, वैगनार और ऑल्टो में सवार 10–12 लोग घर में घुस आए। जसवीर सिंह ने पिस्तौल तानकर 10 लाख की मांग की और बदमाश कमरे से 50 हजार रुपये निकालकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुख्य आरोपी जसवीर पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं और वह नशे का आदी बताया जा रहा है।

## एक्टिवा सवार रिटायर्ड फौजी को कार ने मारी टक्कर, मौत के बाद चालक पर मामला दर्ज

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

पक्खोवाल रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक्टिवा सवार रिटायर्ड फौजी की मौत हो गई।



हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ हालत में घायल को प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पासी नगर निवासी 73 वर्षीय हाकम सिंह के रूप में हुई। वे बाजार से घर के लिए सामान लेकर लौट रहे थे।

मृतक के बेटे मनप्रीत सिंह सन्नी ने बताया कि उन्हें पुलिस से जानकारी मिली कि उनके पिता को कार ने टक्कर मार दी है और दुर्घटना के बाद चालक मौके से भाग गया। उनकी उम्र अधिक होने के बावजूद वे रोजाना की तरह एक्टिवा पर ही बाजार आते-जाते थे। हाकम सिंह वर्ष 1990 में सेना से रिटायर हुए थे और इलाके में सभी उन्हें एक अनुशासित और शांत स्वभाव वाले व्यक्ति के रूप में जानते थे। परिजनों के मुताबिक टक्कर मारने वाली कार का नंबर PB13-AZ-4096 है। हादसे में हाकम सिंह के सिर, बांह और टांग पर गंभीर चोटें आईं, जिनकी वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार ने पुलिस प्रशासन से आरोपी चालक को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

थाना सदर के जांच अधिकारी एएसआई जोन पीटर ने बताया कि पुलिस ने वाहन की पहचान कर ली है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उसे पकड़ने के लिए विशेष टीम लगाई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। रिपोर्ट मिलने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## लुधियाना में 'हिमालय'



लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी में म्यूजियम है जो 6 राज्यों पंजाब, जम्मू व कश्मीर हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी यूपी और राजस्थान के कुछ हिस्से व तिब्बत, चीन, पाकिस्तान अफगानिस्तान, और रूस के हिस्से देखे जा सकते हैं। हिमालय के एक हिस्से और उससे निकलने वाली नदियों डेम और भौगोलिक बनावट को दर्शाता है। यह डॉ. उप्पल म्यूजियम में बना जो स्ट्रक्चर 7 साल में पूरा हुआ। जानकारी के मुताबिक म्यूजियम में सिंधु, ब्रह्मपुत्र, सतलुज, यमुना, घग्गर, व्यास सहित 11 नदियों और उनके महानदियों में मिलने और बहाव के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। नदियों की श्रृंखला, सिंचाई और निस्तारण का प्रबंधन, रोड, रेलवे, बिजली ट्रांसमिशन के रूट को दिखाए गए है। डैम, बांधी, पावर हाउस, नहरी सिस्टम, मिट्टी और पानी संरक्षण के कामों के बारे में जानकारी दी गई

## पुलिस का आतंकियों से एनकाउंटर, दो आतंकी घायल, 50 से अधिक जिंदा कारतूस बरामद

समर न्यूज़ | लुधियाना

दिल्ली–अमृतसर नेशनल हाईवे पर लाडोवाल टोल प्लाजा के पास गुरुवार रात पुलिस और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दो आतंकी गोली लगने से घायल हो गए। उनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को बुधवार को हरियाणा और बिहार के दो आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद इस मॉड्यूल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से हैंड ग्रेनेड मिले थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इनके अन्य साथी लुधियाना के पास सक्रिय हैं और बड़ी वारदात की तैयारी कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने हाईवे क्षेत्र में संभावित लोकेशन पर ट्रैप लगाकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

एडीसीपी समीर वर्मा के नेतृत्व में टीम ने जब संदिग्धों को घेरा तो उन्होंने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पाया और दो आतंकियों को काबू किया। मौके से दो हैंड ग्रेनेड, चार पिस्टल और 50 से अधिक जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। हथियारों की बरामदगी से आशंका जताई जा रही है कि मॉड्यूल किसी बड़े आतंकी हमले की साजिश में जुटा था। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में यह एक संगठित टेरर मॉड्यूल प्रतीत होता है, जिसके तार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के समर्थन से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। पुलिस ने पूरे हाईवे क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश जारी किए हैं। फिलहाल घायल आतंकियों से आगे की पूछताछ और संभावित नेटवर्क की तलाश जांच का मुख्य हिस्सा है।

## लुधियाना रेंज में 10.80 लाख की हेरोइन बरामद, चार गिरफ्तार

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

ड्रग तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एएनटीएफ लुधियाना रेंज को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने पिछले दिनों तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 2 किलो 177 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 करोड़ 80 लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने इन मामलों में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी अजय वर्मा के अनुसार, पहली कार्रवाई में अमृतसर के तीन युवकों को काबू किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 603 ग्राम हेरोइन और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। जांच में सामने आया कि आरोपी अमृतसर से ही हेरोइन की सप्लाई करते थे। पुलिस उनकी पुरानी गतिविधियों और सप्लाई नेटवर्क की विस्तार से जांच कर रही है। दूसरे मामले में बटाला से एक आरोपी को पकड़ा गया। उसके पास से मोटरसाइकिल के अलावा 524 ग्राम हेरोइन मिली। पुलिस पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद जता रही है, जिससे ड्रग सप्लाई नेटवर्क के अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके। तीसरी कार्रवाई में एएनटीएफ टीम ने मोटरसाइकिल सवार एक अन्य युवक को रोककर उसके कब्जे से लगभग 1 किलो 50 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस का कहना है कि इस गिरफ्तारी के बाद ड्रग नेटवर्क के और भी कनेक्शन सामने आ सकते हैं।

## बाइक सवारों ने परिवार के 3 सदस्यों पर किया हमला, ट्रॉली खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



घायल युवक। -समर न्यूज़

जालंधर बाइपास के नजदीक भट्टिया इलाके में देर रात दंपती पर हमले की वारदात सामने आई है। बाइक सवार युवकों ने घर के बाहर खड़े व्यक्ति, उसकी पत्नी और बेटे से मारपीट की। हमले की पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल व्यक्ति और उसकी पत्नी को उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। वही मामले की सूचना थाना सलेम टाबरी की पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार गली में रेत की ट्रॉली खड़ी करने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि यह मारपीट तक पहुंच गया। इलाके में अवैध रेत माइनिंग से जुड़े लोगों द्वारा ट्रॉलियां खड़ी कर दी जाती थीं, जिससे आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती थी। स्थानीय लोगों ने कई बार विरोध भी जताया। घायल रोनित मिश्रा ने बताया कि गली में अवैध रेत माइनिंग की ट्रॉलियां खड़ी रहती हैं। उसने कई बार ट्रॉली मालिक को ऐसा न करने के लिए कहा, लेकिन वह हर बार अभद्र व्यवहार करता था। बीती रात भी जब रोनित ने उसे ट्रॉली खड़ी करने से रोका तो उसने पहले तो कुछ नहीं कहा, लेकिन थोड़ी देर बाद अपने साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर लौटा और गली में गुंडागर्दी शुरू कर दी।

रोनित अपनी पत्नी और बेटे के साथ घर के बाहर खड़ा था जब बदमाशों ने अचानक राड से हमला कर दिया। रोनित के सिर पर 6 टांके आए हैं। हमलावरों ने उसकी पत्नी के भी कपड़े फाड़े और उसकी सोने की चैन व बालियां झपटकर फरार हो गए। हमले में दंपती को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत खनन में शामिल आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि इलाके में इस तरह की गुंडागर्दी पर रोक लग सके।

### वेटरनरी यूनिवर्सिटी में डॉ. हाकम भुल्लर की पुस्तक द अंडरडॉग का हुआ विमोचन

## नस्लवाद और अन्याय के खिलाफ एक पशु चिकित्सक का संघर्ष

समर न्यूज़ | लुधियाना



वेटरनरी यूनिवर्सिटी में पुस्तक द अंडरडॉग का विमोचन करते। -समर न्यूज़

गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी लुधियाना में कनाडा निवासी पशु चिकित्सक डॉ. हाकम भुल्लर की प्रेरणादायक पुस्तक द अंडरडॉग का मंगलवार को औपचारिक विमोचन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, पशु चिकित्सा विशेषज्ञों, छात्रों और पूर्व छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पुस्तक में डॉ. भुल्लर ने कनाडा में एक अप्रवासी पशु चिकित्सक के रूप में सामना की गई पेशेवर चुनौतियों, नस्लीय भेदभाव और अन्याय के अनुभवों को विस्तार से लिखा है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद, पशु कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प ने उन्हें आगे बढ़ने की ताक़त दी। यह किताब न केवल उनकी व्यक्तिगत कहानी है, बल्कि प्रवासी समुदाय द्वारा झेली जाने वाली प्रणालीगत बाधाओं पर भी रोशनी डालती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब के कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी विकास मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने की। उन्होंने डॉ. भुल्लर की कहानी को अन्याय के खिलाफ साहसिक आवाज बताते हुए कहा कि यह पुस्तक युवाओं को चुनौतियों का सामना हिम्मत और ईमानदारी के साथ करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी कहानियां विश्व स्तर पर पंजाबी पहचान को मजबूती प्रदान करती हैं।

वाइस चांसलर डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल ने डॉ. भुल्लर को विश्वविद्यालय का गौरवशाली पूर्व छात्र बताया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक पशु चिकित्सा छात्रों के लिए दिशा-दर्शक साबित होगी और उन्हें समर्पण के साथ उत्कृष्टता की ओर बढ़ने को प्रेरित करेगी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. राबिंदर सिंह औलख ने डॉ. भुल्लर की पेशेवर यात्रा साझा करते हुए पुस्तक को अन्याय के विरुद्ध पेशेवर साहस का दस्तावेज बताया। आभार व्यक्त करते हुए डॉ भुल्लर ने कहा कि अपने शैक्षणिक संस्थान में पुस्तक को जनता को समर्पित करने का अवसर "भावुक करने वाला अनुभव है। उन्होंने कहा कि यह केवल मेरी कहानी नहीं है, बल्कि उन सभी की कहानी है जो अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं उन्होंने छात्रों को संतुलित जीवन जीने और सिद्धांतों पर अडिग रहने की सलाह भी दी।

## खाली प्लॉट में युवक का शव पेड़ से लटका मिला, हत्या की आशंका, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे

अशवनी पाहवा/लुधियाना
समर न्यूज़

थाना बस्ती जोधेवाल के अधीन पड़ते इलाके गुरु बिहार एक्सटेंशन में वीरवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक खाली प्लॉट में एक युवक का शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। शव दिखाई देते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। स्थिति यह थी कि कुछ देर के लिए सड़क पर ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति बन गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जहां पुलिस ने मौके पर पुहंच शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

वही पुलिस को घटनास्थल पर शव जिस हालत में मिला, उससे मामला आत्महत्या और हत्या दोनों के बीच उलझ गया है। मृतक के दोनों पैर जमीन को छू रहे थे और घुटने मुड़े हुए थे, जिससे यह शक गहरा रहा है कि युवक की हत्या कर शव को लटकाया गया हो। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है, जो मामले को और संदिग्ध बना देता है। जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला बेहद संदिग्ध लग रहा है, क्योंकि रस्सी की लंबाई लगभग 6 फुट से ज्यादा है, जबकि युवक की ऊंचाई करीब साढ़े पांच फुट बताई जा रही है। ऐसे में शव का जमीन को छूना कई सवाल खड़े कर रहा है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक प्लॉट में कैसे पहुंचा और उसके साथ कोई आया था या नहीं। फिलहाल मृतक की पहचान और मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने कहा कि सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और जल्द ही मामले की सच्चाई सामने आएगी।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 76